# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


OPERATION SINDOOR
जय हिंद - जय भारत

## कराची से लाहौर तक सब धुआं-धुआं

- *54 स्वदेशी ड्रोन ने पाक के 7 शहरों के सैन्य ठिकाने किए बर्बाद, कई शस्त्रागारों को मिट्टी में मिलाया*
- *कराची और रावलपिंडी के सैन्य मुख्यालय और स्टेडियम को भी भारतीय ड्रोन ने उड़ाया*

**100** से अधिक मिसाइलें दागीं। पाकिस्तान ने सैकड़ों ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया। बॉर्डर पर लोग बंकर में छिपे।

**09** पाकिस्तानी शहरों में भारत ने इजराइल से मिले हार्पी ड्रोन से अटैक किया। लाहौर, कराची और रावलपिंडी में एयर डिफेंस सिस्टम ध्वस्त किया।

**03** फाइटर जेट को भारत ने मार गिराया। इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर दावा, इनमें एफ-16 व 2 जेएफ-17 जेट शामिल। पाक एयरफोर्स एडब्ल्यूएसीएस फेल।

## सेना का पराक्रम
## लाहौर में पाक एयर डिफेंस सिस्टम ध्वस्त

पाकिस्तान ने बुधवार आधी रात से शुक्रवार सुबह तक चार राज्यों के कई बड़े शहरों में हमला किया। भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया व एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम से पड़ोसी के सभी हमलों को नाकाम कर दिया।

### पाक ने इन 15 शहरों को बनाया निशाना

**जम्मू-कश्मीर**
1.अवंतीपोरा 2. जम्मू 3. श्रीनगर

**पंजाब**
4. पठानकोट 5. अमृतसर 6. कपूरथला 7. जालंधर 8. लुधियाना 9. आदमपुर 10. बठिंड़ा 11. चंडीगढ़

**राजस्थान**
12. उत्तरलाई 13. फालौदी 14. नाल

**गुजरात**
15. भुज

# जवाबी कार्रवाई से दहला पाक

## पाक का जम्मू, राजस्थान, पंजाब पर ड्रोन मिसाइलों से हमला, भारत ने किया नाकाम
## चार राज्यों में ब्लैकआउट, हाईअलर्ट, सीमा के साथ लगते क्षेत्रों के स्कूलों में छुट्टियां

### भारत ने पाक के इन 9 शहरों में तबाही बरसाई

1. लाहौर 2. कराची 3. रावलपिंडी 4. गुजरांवाला 5. चकवाल 6. मियानो 7. चोर 8. अटक 9. बहावलपुर

### भारत पर हमला करके पाकिस्तान दुनिया के सामने बेनकाब

- पाक ने भारत पर हमला करके बड़ी गलती कर दी। भारत ने पाक पर हमला नहीं किया। भारत ने आतंकी ठिकाने तबाह किए।
- पाक ने भारत पर हमला करके दुनिया को बता दिया कि वह आतंकियों की तरफ से लड़ाई लड़ रहा है और वह आतंकियों का पनाहगार है।

### पाक ने की पुष्टि, हमारे 4 जवान घायल, 3 की मौत

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ले. जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दोपहर कहा कि भारत ने हमारे 9 शहरों पर ड्रोन से हमले किए हैं। पाकिस्तानी सेना ने 50 ड्रोनों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि भारत के इस हमले से पाकिस्तान के 4 जवानों समेत 8 लोग घायल हुए हैं और मियानों में 3 लोगों की मौत हो गई।

## पाक ने देर शाम सीमा पर मोर्टार, गोले और मिसाइल दागे

### भारत ने कहा, हमारी कार्रवाई आतंक के खिलाफ, पाक ने हमले का प्रयास किया तो कड़ा जवाब देंगे

**जम्मू/नई दिल्ली (ब्यूरो/एजेंसी)।** पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार रात को भी ड्रोन व मिसाइल से हमले किए। जिन्हें भारत ने एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने नाकाम कर दिया। पाक ने सीमा पर जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात और पंजाब में मोर्टार, मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। भारत ने इन हमलों को नाकाम कर इन राज्यों में ब्लैकआउट कर दिया। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया। पाक ने सुसाइड ड्रोन्स से जम्मू एयरपोर्ट और पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को निशाना बनाया, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से आरएसपुरा सेक्टर में भारी शेलिंग हो रही है। एलओसी के पास कुपवाड़ा और बारामूला में फायरिंग हो रही है, जिसका भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। सतवारी, सांबा, आरएस पुरा सेक्टर और अरनिया में 8 मिसाइलें दागीं। इन्हें भी भारतीय डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। इससे पहले दिन में भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद बुधवार-गुरुवार की देर रात हमारे 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की थी, लेकिन सतर्क भारत ने इसे नाकाम किया व लाहौर, कराची और रावलपिंडी समेत नौ शहरों में ड्रोन स्ट्राइक की है। इसमें लाहौर, कराची और रावलपिंडी में पाक के एयर डिफेंस सिस्टम (ग्रिड और वायु रक्षा प्रणाली) को ध्वस्त कर दिया। सूत्रों का कहना है कि दो दिन में पाक की ओर से 100 से अधिक मिसाइलें व ड्रोन दागे गए हैं, जिन्हें भारत ने नष्ट कर दिया।


कराची के आर्मी कैंप में बर्बादी

### बीएसएफ ने पंजाब में सीमा पर पाक घुसपैठिया मार गिराया

**अमृतसर।** बीएसएफ ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाक घुसपैठिए को ढेर कर दिया। फिरोजपुर सेक्टर में व्यक्ति को 7-8 मई की दरमियानी रात को गोली मारी गई। वहीं, बीएसएफ ने कहा कि पंजाब में पाकिस्तान की सीमा से सटी सभी तीन सीमा चौकियों पर हर शाम को आयोजित होने वाले सभी रस्मी कार्यक्रमों को बंद कर रहा है।

### यूएस के विदेश मंत्री ने पाक पीएम व जयशंकर से की बात

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की और तनाव कम करने को कहा। रूबियो ने पाक से आतंकवादी समूहों को किसी भी तरह का समर्थन बंद करने के लिए ठोस कदम उठाये जाने का आह्वान किया। जयशंकर के साथ बातचीत में भारत की कार्रवाई को समर्थन दिया।

### पाक ने सीमा पर आम लोगों को निशाना बनाया, 16 की मौत

भारतीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पाक ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी तोपों का उपयोग करते हुए नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी तेज कर दी है। गोलीबारी में तीन महिलाओं और पांच बच्चों सहित 16 निर्दोष लोगों की जान चली गई है। मंत्रालय ने कहा, भारतीय सशस्त्र बल तनाव न बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं, बशर्ते पाकिस्तानी सेना इसका सम्मान करे।

***सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी सेना के मौजूदा प्रमुख, जनरल आसिम मुनीर को सेना प्रमुख के हटाकर उनकी जगह जनरल शमशाद मिर्जा को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया जा सकता है।***

### राफेल गिराने वाले बयान पर घिरे पाक के रक्षामंत्री

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिम मुनीर ने दावा किया था कि उनकी सेना ने 3 राफेल मार गिराए हैं। इस बयान पर उन्हें पाकिस्तान की संसद में ही आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। एक सांसद ने जब ख्वाजा आसिम से राफेल गिराने के सबूत मांगे तो उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर सबूत हैं। यह अफसोस की बात है।

## हटाए जा सकते हैं पाक के सेना प्रमुख असीम मुनीर

### इन इलाकों में पूरी तरह ब्लैक आउट

- **जम्मू-कश्मीर:** जम्मू, उधमपुर, किश्तवाड़, अखनूर, सांबा, श्रीनगर और अनंतनाग
- **राजस्थान:** बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर
- **पंजाब :** मोहाली, जालंधर, अमृतसर, होशियारपुर, गुरदासपुर, पठानकोट और तरनतारन
- **गुजरात :** भुज, कच्छ और पाटण
- चंडीगढ़ और आसपास का क्षेत्र

### यहां कर्मियों की छुट्टियां रद

- **दिल्ली :** मौजूदा स्थिति और किसी भी आपात स्थिति की तैयारियों को देखते हुए अगले आदेश तक किसी भी अधिकारी को छुट्टी नहीं दी जाएगी।
- पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और पश्चिम बंगाल और बिहार ने हाईअलर्ट जारी किया और कर्मचारियों की छुट्टियां रद कर दी हैं।
- **पंजाब :** सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद। छह सीमावर्ती जिलों- फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, अमृतसर, गुरदासपुर और तरनतारन- में सभी स्कूल बंद गुरदासपुर में बृहस्पतिवार रात नौ बजे से आठ घंटे का ब्लैकआउट रहेगा।
- **हिमाचल प्रदेश :** हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर समेत सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बाबा बालक नाथ, मां चिंतपूर्णी और मां नैना देवी जैसे प्रसिद्ध मंदिर हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर में स्थित हैं। पुलिस ने सुरक्षा जांच बढ़ा दी है।
- **राजस्थान :** अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तैनात प्रशासनिक और पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद
- श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में सरकारी और निजी स्कूल बंद।
- बीकानेर, अजमेर के किशनगढ़ और जोधपुर हवाईअड्डों पर उड़ान संचालन 10 मई तक रद।
- **गुजरात :** तट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अधिकारियों ने "अप्रत्याशित स्थिति के कारण" पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद कर दी हैं और उन्हें तुरंत ड्यूटी पर लौटने को कहा है।



पाक पर 'जल प्रहार' भी

### भारत ने खोले सलाल और बगलिहार डैम के गेट

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर प्रहार करने की शुरुआत उसका पानी रोककर किया था। इसके तहत चिनाब नदी पर बने सलाल और बगलिहार डैम के सभी गेट बंद कर दिए गए थे। लेकिन, अब भारत ने पाकिस्तान पर दोहरी मार की है। भारत ने दोनों डैम के सभी गेट एक साथ खोल दिए हैं। इससे एक साथ नदी में अधिक पानी जाने से पाकिस्तान में बाढ़ के हालात बन सकते हैं। भारत ने जम्मू-कश्मीर में दो जलविद्युत बांधों - सलार बांध और बगलिहार बांध के कुछ स्लुइस गेट खोल दिए हैं।

### हमें भारत से बचा लो... संसद में फूट फूटकर रोया पाक सांसद


सोशल मीडिया पर वायरल हुए सांसद ताहिर

पाकिस्तान की संसद में वहां के सांसद फूट-फूटकर रो रहे हैं और कह रहे हैं कि हमें भारत के प्रकोप से बचा लो। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली का है। वीडियो में दिख रहे शख्स का नाम ताहिर इकबाल है। ताहिर इकबाल पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन के सांसद हैं। वह पाकिस्तानी आर्मी में मेजर भी रह चुके हैं।

### अमेरिकी दूतावास बोला-सभी कर्मी सुरक्षित स्थानों पर जाएं

लाहौर और उसके आस-पास ड्रोन विस्फोटों, संभावित हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की खबरों के कारण लाहौर में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास ने सभी कर्मचारियों और पाक में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने का निर्देश दिया है।

### सिख समुदाय को भी पाक ने अपना दुश्मन बनाया

इस हमले में पाक की एक मिसाइल का मुंह अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की तरफ था, जिसे भारतीय सेना ने नष्ट किया। यह पहली बार है कि पाक सेना ने सिख समुदाय को धर्मस्थल की तरफ मिसाइल छोड़ी। भारत ही नहीं, दुनिया का सारा सिख समुदाय पाक की इस करतूत से आहत व नाराज है। (पैकेज पेज 7 और 8 पर)

### सीएम सैनी के सारे कार्यक्रम रद किए पंजाब, हिमाचल और गुजरात भी अलर्ट पर

## हरियाणा में हाईअलर्ट, पुलिस-डॉक्टर्स व फायर ब्रिगेड कर्मचारियों की छुट्टियां रद

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** भारत पाक के बीच बढ़े तनाव के बीच गुरुवार को हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, यूपी और गुजरात में हाईअलर्ट घोषित कर दिया गया है। पुलिस-डॉक्टर्स व फायर ब्रिगेड कर्मियों की छुट्टियां रद कर दी गई हैं। गुजरात, पंजाब और राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। हर तरफ सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने स्थिति की निगरानी के लिए अपने सारे कार्यक्रम रद कर दिए हैं। इसके अलावा डॉक्टरों समेत सेहत विभाग, फायर ब्रिगेड और पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियां रद कर दी गई हैं। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के हेडक्वार्टर छोड़ने पर रोक लगा दी गई है। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में इमरजेंसी हालात से निपटने के लिए इमरजेंसी में 25% बैड रिजर्व रखवा लिए गए हैं। इसके अलावा इमरजेंसी के बारे में सूचना देने के लिए 48 घंटे में प्रदेश के सभी साढ़े 7 हजार गांवों में सायरन लगाने को कहा गया है। इसके लिए 48 घंटे का टाइम दिया गया है। उधर, हिसार एयरपोर्ट पर एंट्री पूरी तरह से बंद कर दी गई है। एयरपोर्ट के अंदर विजिटर्स और पैसेंजर की एंट्री नहीं हो पाएगी।



पीएम ने की कई विभागों के सचिवों के साथ हाईलेवल बैठक

## नागरिक सुरक्षा के प्रति सरकार प्रतिबद्ध थल सेना प्रमुख उपेंद्र भी मोदी से मिले



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने निरंतर सतर्कता व स्पष्ट संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा और परिचालन तैयारियों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पीएम से उनके आधिकारिक आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। पीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बैठक के दौरान जिन मुद्दों पर चर्चा की गई उनमें नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, गलत सूचना और फर्जी खबरों से निपटने के प्रयास और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल था। मंत्रालयों को राज्य प्राधिकारियों और जमीनी स्तर के संस्थानों के साथ निकट समन्वय बनाए रखने की भी सलाह दी गई। उच्च स्तरीय बैठक में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों ने भाग लिया।

**सर्वदलीय बैठक : सेना ने मारे 100 से अधिक आतंकी: राजनाथ**

## रिजिजू ने बताया- ऑपरेशन सिंदूर जारी

**नई दिल्ली।** दोपहर 12 बजे सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा कि आतंकी ठिकानों पर हमले जारी रहेंगे। सभी दलों ने सरकार के साथ एकजुटता दिखाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने जिन नौ आतंकी ठिकानों पर हमले किए, उसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए हैं। संसद में हुई इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद रहे। इस दौरान विपक्ष के नेताओं को जवाबी कार्रवाई और भविष्य की तैयारियों की जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। सरकार विवरण जमा कर रही है। अगर पाकिस्तान हमला करता है तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। कांग्रेस पार्टी शनिवार को देशभर में 'जय हिंद यात्रा' निकालेगी।

**सरकार को मिला सभी दलों का समर्थन**

**रक्षा मंत्री ने सभी दलों को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी**



### भारत की संप्रभुता की रक्षा में कोई सीमा बाधा नहीं बनेगी: राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की संप्रभुता की रक्षा में कोई भी सीमा बाधा नहीं बनेगी और राष्ट्र ऐसी प्रतिक्रियाओं के लिए पूरी तरह से तैयार है। राजनाथ ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकवादी शिविर नष्ट कर दिए गए और बड़ी संख्या में आतंकवादी मार गिराए गए।" भारत ने हमेशा ही अत्यंत संयम बरतते हुए एक जिम्मेदार राष्ट्र की भूमिका निभाई है और वह बातचीत के जरिये मुद्दों को सुलझाने में विश्वास रखता है।

**लगातार दूसरे दिन विदेश मंत्रालय व सेना की ज्वॉइंट प्रेस ब्रीफिंग, तनाव कम करने की जिम्मेदारी पाक पर**

## मिसरी बोले- पुंछ में गुरुद्वारे को निशाना बनाया आतंकियों के जनाजे में 'पाक' सेना भी शामिल

**नई दिल्ली (भाषा)।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर है, क्योंकि उसने पहलगाम हमले से स्थिति को बिगाड़ा है। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये केवल इसका जवाब दिया। मिसरी ने तनाव के बीच यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। मिसरी ने कहा, हमारा रुख स्थिति को बिगाड़ने का नहीं रहा है। हमने केवल 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले का जवाब दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में पाकिस्तान ने आतंकवादी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) की भूमिका का जिक्र करने का विरोध किया, जबकि टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी पहले ही ले ली थी। संवाददाता सम्मेलन में विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी भी मिसरी के साथ मौजूद रही।





### आतंकियों के जनाजे में क्या कर रही सेना

मिसरी, सोफिया और व्योमिका ने संयुक्त रूप से कहा कि जहां तक ऑपरेशन सिंदूर का सवाल है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन ठिकानों पर हमले किए गए थे, वहां मारे गए लोग आतंकवादी थे। आतंकवादियों को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार देना, शायद पाकिस्तान में एक प्रथा है। उन्होंने एक फोटो दिखाते हुए सवाल किया कि आतंकियों के जनाजे में पाक सेना क्या कर रही है।

### 'भारत की कार्रवाई नपी तुली और जिम्मेदार'

भारत ने कहा हमने केवल पाक में आतंकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। भारत का इरादा तनाव बढ़ाना नहीं, बल्कि आतंक पर सटीक कार्रवाई था। उन्होंने पाक के उस दावे को भी खारिज किया जिसमें कहा गया कि भारत ने नीलम-झेलम बांध को निशाना बनाया। मिसरी ने इसे मनगढ़ंत व सफेद झूठ करार दिया।

### 'पाकिस्तान की आदत झूठ बोलने की रही'

पाकिस्तान का झूठ बोलना कोई नई बात नहीं। 1947 में जम्मू-कश्मीर पर दावा करते वक्त उसने संयुक्त राष्ट्र से झूठ बोला था। यह सिलसिला 75 साल से चल रहा है। उन्होंने पाक के उस दुष्प्रचार को भी बेनकाब किया जिसमें उसने दावा किया कि उसने भारतीय विमानों को मार गिराया। उन्होंने कहा, यह देश जन्म से ही झूठ की नींव पर खड़ा है।

## खबर संक्षेप

### न्यूनतम वेतन 26 हजार करे सरकार : सीटू

**चंडीगढ़।** न्यूनतम वेतन रिवाइज न कर पिछले पांच साल से प्रदेश के लाखों मजदूरों की करोड़ों-अरबों रुपए की मजदूरी का नुकसान हुआ है। उक्त बात सीटू प्रदेश अध्यक्ष सुरेखा और महासचिव जय भगवान ने कही। वे सरकार के श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन के सवाल पर बुलाई केंद्रीय श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक में बोल रहे थे। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा श्रम आयुक्त मनीराम शर्मा ने की। मजदूर नेताओं ने कहा कि प्रदेश में 2015 में जो न्यूनतम वेतन था वह पूरे भारत में 2 या तीन नंबर पर था। लेकिन आज हरियाणा इस मामले 14वें नंबर पर है। यदि 2020 में इसे रिवाइज किया जाता ओर अब पुनः 2025 में यह रिवाइज किया जाए तो प्रदेश में 28- 30 हजार वेतन बनता है। जबकि श्रमिक संगठनों की 26000 रुपये की मांग को सरकार नहीं मान रही।

### राजस्व की चोरी स्वीकार नहीं होगी : पंवार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खान एवं भू- विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने फरीदाबाद के पाली क्रेशर जोन का औचक निरीक्षण किया। पंवार ने कहा कि राजस्व की चोरी को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। कुछ समय से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि राजस्थान से आने वाले भारी वाहनों में निर्धारित सीमा से अधिक पत्थर लोड कर हरियाणा के क्रेशर जोन में उतारा जा रहा है, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो सकता है। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति, चाहे वह सरकारी कर्मचारी हो या क्रेशर मालिक, यदि राज्य सरकार के खजाने को नुकसान पहुंचाने में संलिप्त पाया गया तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों के लिए नए अवसर शुरू : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार हरियाणा में किसानों की बेहतरी के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि के क्षेत्र में कई नए अवसरों की शुरुआत हो चुकी है, और हम सही तरीके से उपयोग करेंगे। राणा नई दिल्ली में कृषि खरीफ अभियान 2025 पर सम्मेलन में बोल रहे थे।

### डीएस ढेसी ने फरीदाबाद में ली बैठक

**चंडीगढ़।** हरियाणा शहरी विकास प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने फरीदाबाद में परियोजनाओं पर पहली इंटर एजेंसी समन्वय बैठक की। ढेसी ने मिर्जापुर के 80 एमएलडी की क्षमता वाले एसटीपी के ट्रायल की जानकारी ली। औपचारिकताएं पूरी करते हुए इसे फंक्शनल बनाने के निर्देश भी दिए। इसी तरह एफएमडीए की हाल ही में संपन्न हुई छठी बैठक में पास किए 20 एमएलडी के एक अन्य एसटीपी का निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए गए।

---

पंजाब-हरियाणा में जल विवाद और बढ़ा, आप कार्यकर्ताओं ने डैम पर किया हंगामा

# बीबीएमबी के चेयरमैन को विश्राम गृह में बंधक बनाया नहीं छोड़ने दिया पानी, डैम कंट्रोल रूम पर फिर ताला

### बृहस्पतिवार सुबह जमकर खींचतान, चेयरमैन मनोज त्रिपाठी को पुलिस ने चंडीगढ़ पहुंचाया, पंजाब सीएम भगवंत मान भी पहुंचे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार बीबीएमबी (भाखड़ा व्यास प्रबंधन बोर्ड) के जल विवाद का मसला हल होने के बजाय बढ़ता जा रहा है। हालांकि पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट की ओर से एक दिन पहले साफ कर दिया गया था कि पंजाब को वहां से अपनी पुलिस को हटाना होगा। लेकिन अभी भी आप नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा बीबीएमबी के अधिकारियों कर्मियों को हरियाणा के लिए पानी नहीं छोड़ने नहीं दिया जा रहा है। बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी भी वीरवार की सुबह वहां पर पहुंचे लेकिन आप नेताओं ने उनका घेराव किया और पानी नहीं छोड़ने दिया गया। पंजाब आप नेताओं के इस रवैये को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री के साथ साथ सभी पार्टी नेताओं ने कड़ी आलोचना की है।

अब खास बात यह है कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद बृहस्पतिवार को पंजाब ने हरियाणा को पानी नहीं दिया। हरियाणा को पानी छोड़ने के लिए भाखड़ा डैम पहुंचे बीबीएमबी चेयरमैन मनोज त्रिपाठी का आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने घेराव किया व जमकर नारेबाजी की। भाखड़ा डैम पर पानी छोड़ने को लेकर बुधवार की रात और बृहस्पतिवार की सुबह कई घंटे तक पूरा खींचतान रही। जिसके कारण मुख्यमंत्री भगवंत मान भी भाखड़ा पर पहुंचे हुए थे।

बता दें कि पंजाब-हरियाणा के बीच छिड़े जल विवाद पर हाईकोर्ट ने बुधवार को फैसला दिया था कि पंजाब पुलिस अथवा पंजाब सरकार बीबीएमबी के काम में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। हाईकोर्ट ने हरियाणा को पानी दिए जाने के संबंध में दो मई का फैसला लागू करने के भी निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट के फैसले के बाद ही बीबीएमबी चेयरमैन मनोज त्रिपाठी सुबह भाखड़ा डैम पर पहुंचे थे। जहां पहले से ही आम आदमी पार्टी नेता और कार्यकर्ता बैठे हुए थे। जिन्होंने चेयरमैन के विरुद्ध नारेबाजी शुरू कर दी। कार्यकर्ताओं ने बीबीएमबी चेयरमैन को सतलुज विश्राम गृह से बाहर निकलने नहीं दिया व जमकर शोरगुल किया। पंजाब सरकार में मंत्री हरजोत बैंस और बरिंदर गोयल ने पहुंचकर धरना शुरू कर दिया। आप कार्यकर्ताओं ने भाखड़ा डैम के कंट्रोल रूम पर दोबारा ताला जड़ दिया। कई घंटे हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद रोपड़ रेंज डीआईजी हरचरण भुल्लर भारी पुलिस फोर्स के साथ में पहुंचे और बीबीएमबी चेयरमैन को सुरक्षा के बीच चंडीगढ़ पहुंचाया।




### हाईकोर्ट के फैसले को नहीं मानती पंजाब सरकार : सैनी

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जल विवाद पर पंजाब सरकार के रूख पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार और इसके नेता हाई कोर्ट के फैसले को नहीं मानते, जो बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार न तो संविधान को मानती है, न संवैधानिक संस्थाओं को मानती है और न ही संविधान का सम्मान करती है। नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से आग्रह किया कि वे पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को मानते हुए हरियाणा के पानी को छोड़े। पंजाब की मान सरकार राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए यह भेदभाव खड़ा कर रही है।



### चेयरमैन को बंधक बनाने की कोशिश निंदनीय : हुड्डा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरमैन को बंधक बनाने की की कोशिश और बीबीएमबीओ को लॉक लगाना निंदनीय, गैरकानूनी, असंवैधानिक और अस्वीकार्य है। आप जिस मंत्री ने यह काम किया है, उसे तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। साथ ही केंद्र सरकार को मामले का संज्ञान लेते हुए भाखड़ा डैम से पंजाब पुलिस को हटाकर, तुरंत सेंट्रल फॉर्सेज की तैनाती करनी चाहिए। हुड्डा ने कहा कि भाखड़ा और नांगल डैम केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट हैं। वहां पर तैनात तकनीकि कमेटी राज्यों को पानी के वितरण का फैसला लेती है। इसमें किसी की तानाशाही नहीं चल सकती।



**बीबीएमबी वकील**

### पंजाब सरकार को आपत्ति है तो केंद्र के पास जाए

बीबीएमबी की ओर से वकील राजेश गर्ग का कहना है कि बीबीएमबी को जैसे भी आपरेट करना है, वैसे ही होगा। पूरे मामले में याचिका दायर करने वाले रविंद्र ढुल ने बताया कि हाईकोर्ट की ओर से पंजाब पुलिस को हटाने के लिए कहा गया था, यह भी कहा था कि बीबीएमबी के किसी भी काम में दखल नहीं दिया जाएगा। रविंद्र ढुल ने कहा कि पहली आपत्ति डैम के रेगूलेशन से फोर्स को हटाने की आपत्ति थी, इस पर कोर्ट ने आदेश दे दिया था। 2 मई 2025 के एग्रीमेंट के अनुसार ही काम करना होगा और पंजाब को उसका पालन करना होगा। जल बंटवारे को लेकर पंजाब कोई आपत्ति है, तो वो केंद्र के पास में जाए।

**कुमारी सैलजा**

### संचालन में हस्तक्षेप नहीं कर सकती राज्य सरकारें

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि पंजाब सरकार को अब तो कम से कम पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए हरियाणा के लिए 4500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ने चाहिए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि बांध की सुरक्षा के नाम पर उसके संचालन में बाधा डालना स्वीकार्य नहीं है। पंजाब को केंद्र के आदेश मानने होंगे। सैलजा ने कहा कि हरियाणा का उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए। सैलजा ने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। सैलजा ने कहा कि दो मई को हुई बैठक के आलोक में हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हरियाणा को अतिरिक्त 4500 क्यूसेक कृषि जल तत्काल छोड़ा जाए।

---

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद पर कड़ा प्रहार : नायब सैनी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

■ मुख्यमंत्री सैनी ने मुख्यमंत्री गुरुद्वारा में मत्था टेका

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मुख्यमंत्री पंचकूला नाडा साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेका मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे देश के निहत्थे लोगों पर, बहन बेटियों के सुहाग को जिस प्रकार से उजाड़ने का काम पड़ोसी देश ने किया, वो निंदनीय है। उन्होंने सेना के जवानों को साधुवाद दिया, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर चला कर आतंकवाद के ऊपर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश कूटनीति के तहत आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। हमारी सेनाओं ने जो कार्रवाई की है पूरा देश सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जब देश ऐसी परिस्थिति में है, उस समय भी पंजाब के सीएम भगवंत मान अपनी राजनीति में लगे हुए हैं, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और यह हाईकोर्ट के फैसले की अवमानना है।


## विज्ञापन/मुनादी

सर्व साधारण व सभी किसानों/लीजधारकों को सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगरपालिका चीका कार्यालय द्वारा अपनी बकाया कृषि योग्य भूमि की खुली बोली उपायुक्त महोदया कैथल द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि की अध्यक्षता में दिनांक 14.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे एक वर्ष 2025-26 के लिए नगरपालिका कार्यालय भवन में करवाई जा रही है। सरकारी बोली राशि मु. 29000/- रूपये प्रति एकड़ प्रति वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्ति मौके पर पहुंच कर जमीन/भूमि की खुली बोली दे सकते हैं। जिसके लिए नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस को नगरपालिका चीका कार्यालय में देख सकते हैं।

नोटः- कोई भी नगरपालिका का बकायादार व्यक्ति बिना बकाया अदा किए खुली बोली में भाग नहीं ले सकता।

हस्ता/-सचिव
नगरपालिका, चीका।



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिविल सर्जन, कैथल | जिला सिविल हॉस्पीटल कैथल में रोडेंट कंट्रोल सर्विस। | 08.05.2025 20.05.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | राज्य के सरकारी स्कूलों में इंटीग्रेशन ऑफ टेक्नोलॉजी के माध्यम से शिक्षा को परिणत करने के लिए एलईडी /टीवीएस (डिजिटल उपकरण) की अधिप्राप्ति। | 09.05.2025 23.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | आईएसआई मार्क्ड ब्लीचिंग पाउडर की खरीद। | 09.05.2025 23.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/60/34589/I/88/6 दि. 08.05.25



## MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)
### PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE

| S. No | e-Published Date | Closing Date | Opening Date | Title and Ref.No./Tender ID | Organisation Chain |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 08-May-2025 09:10 AM | 21-May-2025 05:00 PM | 22-May-2025 10:00 AM | [Door to Door Collection Segregation of Municipal Solid Waste From Each Establishment and Transportation to the MRF Centres Transfer Stations Processing Site in MC Uchana for Seven Years] [D2D/UCHANA/05/2025] [2025_HRY_ 445207_1] | Haryana Government|| Urban Local Bodies||MC Uchana |

Sd/- Secretary MC Uchana


---

# दाखिला सीजन में परेशान करते हैं अधिकारी : शर्मा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

फेडरेशन ऑफ़ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष और निसा राष्ट्रिय अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा ने शिक्षा विभाग के अफसरों व कर्मियों पर निजी स्कूल संचालकों को बिना वजह परेशान करने के आरोप लगाए हैं। साथ ही कहा कि दाखिला सीजन में खासतौर पर निजी स्कूलों पर दबाव बनाया जा रहा है, अब तो पुलिस कर्मियों को लेकर जिलों के निजी स्कूलों में टीमें जा रहीं हैं। शर्मा ने कहा कि स्कूल संचालक इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वे वर्दी और महंगी किताबें खरीदने, मनमानी फीस वसूलने वाले खास स्कूलों के साथ में नहीं हैं।

शर्मा ने अपने स्कूल संचालकों के साथ में चंडीगढ़ प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान कहा कि जिन स्कूलों को सरकार द्वारा मान्यता प्रदान नहीं की गई है, उनका मामला दो दशकों से भी अधिक समय से आधार में लटका हुआ है, जिससे हरियाणा में हर वर्ष जब अप्रैल माह में दाखिले का वक्त होता है और जब बोर्ड परीक्षा समय होता है प्राइवेट स्कूलों पर तलवार लटका दी जाती है।



■ प्राइवेट स्कूलों का स्थाई समाधान करे सरकार

# पुंछ में शहीद हुए पलवल के जवान को पिता ने दी मुखाग्नि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पाकिस्तानी सेना के हमले में शहीद हुए जिला पलवल के गांव नगला मोहम्मदपुर के लांस नायक दिनेश कुमार शर्मा का आज उनके पैतृक गांव में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद को उनके पिता दयाचंद ने मुखाग्नि दी। शहीद के पिता ने कहा कि उन्हें गर्व है कि बेटा देश के काम आया। शहीद की मां मीरा देवी ने रोते हुए ''जय जवान,जय किसान'' का नारा लगाते हुए कहा कि मुझे मेरे बेटे की शहादत पर गर्व है। इस दौरान पूरा क्षेत्र दिनेश कुमार शर्मा अमर रहे और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। शहीद दिनेश शर्मा के माता-पिता, भाईयों, पत्नी सहित बेटा-बेटी ने नम आंखों से भारत माता के वीर सपूत को विदाई दी। शहीद दिनेश कुमार के अंतिम संस्कार में परिजनों सहित केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, होडल के विधायक हरिन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।



शहीद दिनेश कुमार शर्मा

---

वैकेंसी का इंतजार करने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी

# क्लास-4 और 3 की भर्ती होगी, हजारों पद भरने की तैयारी, फिर मांगे जाएंगे आवेदन

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में वैकेंसी का इंतजार करने वाले युवाओं के लिए एक अच्छी खबर है, जल्द ही चौथी श्रेणी अर्थात (ग्रुप-डी) के चार हजार से ऊपर पदों को भरने की प्रक्रिया तेज होने जा रही है। वहीं, तीसरी श्रेणी के लिए दिए गए विज्ञापन वाले पदों को वापसी लेकर दोबारा से आवेदन लिए जाएंगे। 13 ग्रुपों के पदों को वापसी वापसी लिए जाने की तैयारी है, इस क्रम में एक प्रस्ताव भी हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से सरकार के पास में भेजा है। पदों को वापसी के फैसले से जिससे पूर्व में फार्म भर चुके युवाओं को निराशा भी होगी फिलहाल, सरकार से हरि झंडी होने का इंतजार है। बहरहाल, सीईटी से पहले पहले यह प्रक्रिया पूरी करने की कवायद है।

अहम बात यह है कि अधिकांश के लिए वर्ष 2024 में ही विज्ञापन निकालकर पदों को भरने की प्रक्रिया की शुरुआत की गई थी। इन पदों की बात करें, तो इसमें फारेस्ट रेंजर के 57 पद जबकि डिप्टी रेंजर 6 पद, सहायक ड्राफ्ट्समैन सिविल की संख्या 156 थी। इसी क्रम में फिटर, प्रेस मकैनिक के 180 पद जबकि ऑटो डीजल मैकेनिक के 318 पद शामिल थे। साथ ही मोटर व्हीकल निरीक्षक 24 पद, असिस्टेंट आर्कियोलॉजिस्ट 10 पद, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल के चार जबकि इलेक्ट्रिकल 8 पद, नेटवर्क असिस्टेंट 16 पद और ड्राफ्ट्समैन सिविल के 367 पद हैं। सीनियर साइंटिफिक असिस्टेंट 69 पद जबकि फारेस्टर 65 पद शामिल थे। खास बात यह है कि जो पद वापसी लिए जा रहे हैं, उनके विज्ञापन जारी किए गए थे, लेकिन बाकी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी थी, जबकि कुछ पदों परीक्षा होने के साथ ही चयन सूची भी जारी कर दी थी। यह साफ है कि जिन विज्ञापित पदों को लेकर प्रक्रिया शुरू नहीं हुई थी, उनको वापस लिया जाएगा। सरकार के पास में आयोग की ओर से प्रस्ताव भेजा गया था, जिसको हरिझंडी भी हो चुकी है। इस तरह से आयोग इस बारे में अब कभी भी पदों को वापस लेने का नोटिस जारी करने की तैयारी में हैं।

### क्लास-4 के 4246 पदों को भरा जाएगा



सूबे में चतुर्थ श्रेणी पदों की भर्ती में खाली रहे 4246 पदों को भरने की तैयारी की जा रही है। इसका इंतजार करने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है। तृतीय श्रेणी की बात करें, तो 1281 विज्ञापित पदों को वापस लेकर दोबारा प्रक्रिया की शुरुआत होगी। जिसके बाद में ही सीईटी कराने की तैयारी है। तीसरी और चौथी श्रेणी पदों की सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के पंजीकरण के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से कभी भी पोर्टल खोल दिए जाने की तैयारी है। इसकी काफी समय से युवा वर्ग इंतजार कर रहा है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने पिछले साल मार्च में तीसरी और चौथी श्रेणी ग्रुप डी पदों की चयन सूची जारी की थी। अक्टूबर में बाकी बचे हुए पदों के लिए चयन सूची जारी की गई थी।

### ग्रुप डी की नौकरी छोड़ी

बता दें कि काफी संख्या में चौथी श्रेणी ग्रुप डी की नौकरी पा जाने वाले उम्मीदवारों में का जयन तीसरी श्रेणी में हो गया था। जिसके कारण उन्होंने चतुर्थ श्रेणी पदों की नौकरी छोड़ दिया था। भर्ती के लिए इंतजार कर रहे युवा वर्ग की ओर से लंबे समय से पदों की मुख्य चयन सूची जारी करने की मांग की जा रही है। पदों के लिए विज्ञापन दिए जाने के बाद में सीईटी पास युवाओं से आवेदन मांगे जाएंगे।


(शामलात भूमि जो वर्ष 2025-26 के लिए पट्टे पर दी जानी प्रस्तावित है उसका ब्यौरा निम्न प्रकार से है :-

| क्र. | नाम पंचायत | प्रस्तावित रकबा जो पट्टा पर दिया जाना है A-K-M | दिनांक बोली | स्थान | समय | ग्राम सचिव | | सक्षम अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आहुलाना | 523-3-04 | 09.05.2025 | सरकारी स्कूल | 09:00 AM | सोनू | 9671774142 | ADC |
| 2 | खिजरपुर अहिर | 18-1-14 | 09.05.2025 | ज०चौपाल | 10:00 AM | अंकित | 9467712700 | BDPO |
| 3 | गढी झझारा | 24-05-06 | 09.05.2025 | ज०चौपाल | 12:00 PM | अशोक कुमार | 9050235186 | BDPO |
| 4 | अगवानपुर | 54-1-13 | 10.05.2025 | ज०चौपाल | 10:00 AM | लव | 9991640820 | DDPO |
| 5 | बजाना खुर्द | 105-00-00 | 12.05.2025 | ज०चौपाल | 10:00 AM | अनिल कुमार | 9050606403 | ADC |
| 6 | राजलु गढी | 15-2-16 | 12.05.2025 | पं०सदन | 12:00 PM | नीरज-2 | 9416572402 | BDPO |
| 7 | सरढाना | 105-00-00 | 13.05.2025 | सरकारी स्कूल | 09:00 AM | रेनू सिंह मलिक | 9671161327 | ADC |
| 8 | पांची जाटान | 26-0-00 | 13.05.2025 | ज०चौपाल | 10:00 AM | नीरज कुमार | 9813123163 | BDPO |
| 9 | उदेशीपुर | 49-00-00 | 13.05.2025 | ज०चौपाल | 12:00 PM | नवीन कुमार | 9813985384 | BDPO |
| 10 | पुगथला | 167-03-04 | 14.05.2025 | सरकारी स्कूल | 09:00 AM | कृष्ण कुमार | 9485851285 | ADC |
| 11 | रहमाणा | 11-01-08 | 14.05.2025 | ज०चौपाल | 10:00 AM | बबली | 8685000366 | BDPO |
| 12 | शेखपुरा | 12-0-00 | 14.05.2025 | पं० सदन | 12:00 PM | रवि शंकर | 9812016558 | BDPO |
| 13 | मोई | 92-03-12 | 15.05.2025 | ज०चौपाल | 09:00 AM | लव | 9991640820 | DDPO |
| 14 | पुरखास राठी | 46-0-05 | 15.05.2025 | ग्रा०सचिवालय | 11:00 AM | लोकेन्द्र | 8901623070 | BDPO |
| 15 | पुरखास धीरान | 45-0-05 | 15.05.2025 | ज०चौपाल | 01:00 PM | लोकेन्द्र | 8901623070 | BDPO |
| 16 | दातौली | 198-7-00 | 16.05.2025 | ज०चौपाल | 09:00 AM | प्रदीप कुमार | 7015684059 | ADC |
| 17 | खेड़ी गुज्जर | 35-00-00 | 16.05.2025 | ज०चौपाल | 10:00 PM | कृष्ण कुमार | 9485851285 | BDPO |
| 18 | बिलन्दपुर | 55-2-12 | 16.05.2025 | ज०चौपाल | 11:00 PM | अन्नू | 8569820693 | DDPO |
| 19 | डबरपुर | 18-2-12 | 19.05.2025 | ज०चौपाल | 12:00 PM | राहुल | 8930220488 | BDPO |
| 20 | भादी | 4-1-01 | 19.05.2025 | ज०चौपाल | 02:00 PM | ललित | 9728982785 | SEPO |
| 21 | टेहा | 6-00-18 | 19.05.2025 | ज०चौपाल | 02:00 PM | जसबीर सिंह | 9541170037 | BDPO |
| 22 | चटिया देवा | 23-3-04 | 20.05.2025 | ज०चौपाल | 10:00 AM | विकास-1 | 7015463434 | BDPO |
| 23 | शाहपुर तगा | 35-0-00 | 20.05.2025 | ज०चौपाल | 02:00 PM | कुलदीप | 8295735733 | BDPO |

हस्ता/- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, गन्नौर

## खबर संक्षेप

### पाली क्रेशर जोन पर छापेमारी

**फरीदाबाद।** पाली क्रेशर जोन में बृहस्पतिवार को उस समय हडकंप मच गया जब हरियाणा के खनन मंत्री कृष्ण लाल पवार ने क्रेशर जोन में अचानक छापा मारा। मंत्री के इस अचानक छापेमारीका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में खनन संबंधी गतिविधियों की वास्तविक स्थिति की जांच करना तथा राज्य सरकार को संभावित राजस्व हानि से बचाना था। जोन के एक क्रेशर पर मंत्री कृष्ण लाल पवार ने लगभग एक घंटे तक जांच पड़ताल की। मंत्री श्री पंवार को काफी समय से शिकायत मिल रही थी की कुछ लोग सरकार को लाखों का चूना लगाकर राजस्व को नुकसान पहुंच रहे हैं। उन्होंने संबंधित दस्तावेजों, ट्रक लोडिंग डेटा, वजन रजिस्टर, चालान की प्रतियां और गेट एंट्री लॉग्स की जांच की।

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 12 मई को

**फरीदाबाद।** जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक 12 मई को प्रातः 10.30 बजे हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सम्मेलन केन्द्र, सेक्टर-12 में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी डीसी विक्रम सिंह ने दी। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन और वन्यजीव, सहकारिता, सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह करेंगे।

### सलोनी शर्मा ने संभाला कमिश्नर का पदभार

फरीदाबाद। आईएएस सलोनी शर्मा ने आज फरीदाबाद नगर निगम में एडिशनल कमिश्नर का पदभार संभाल लिया है और उसके बाद निगम कमिश्नर धीरेंद्र खडग़टा से मुलाकात की। पदभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ मीटिंग की और परिचय के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर निगम के अधिकारियों ने उनका बुक्का देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद शहर को स्वच्छ और सुंदर के साथ साथ ग्रीन फरीदाबाद बनाना ही उद्देश्य रहेगा। एडिशनल निगम कमिश्नर सलोनी शर्मा इससे पहले झज्जर की एडीसी रही हैं और 2019 बेच की आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुकी हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर : बापोड़ा की बहू विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने देश को बताया, कैसे की पाक पर स्ट्राइक, पति दिनेश सभरवाल भी वायुसेना अधिकारी

## व्योमिका सिंह समय-समय पर गांव में आकर बेटियों को करती हैं जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ पूर्व थल सेना अध्यक्ष वीके सिंह भी बोपाड़ा के रहने वाले

मिसाइल स्ट्राइक में हरियाणा की बहु व्योमिका सिंह का अचानक चर्चा में आ गई। असल में विंग कमांडर व्योमिका सिंह का जन्म लखनऊ में हुआ ओर उनकी शादी गांव बापोड़ा के दिनेश सभरवाल के साथ हुई। दिनेश सभरवाल भी वायुसेना में ग्रुप कमांडर हैं। उनके ससुर डीईटीसी में ऑफिसर से सेवानिवृत है। विंग कमांडर व्योमिका सिंह वायुसेना में



■ विंग कमांडर व्योमिका सिंह वायुसेना में स्पेशलिस्ट हेलीकॉप्टर पायलट हैं

स्पेशलिस्ट हेलीकॉप्टर पायलेट है।वे चुनौति पूर्ण इलाकों में हेलीकॉप्टर ऑपरेट करती है।वे वायुसेना में कड़क ऑफिसर के रूप में जानी जाती है। उनके इस तरह के रवैया की वजह से इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई।वे अपने परिवार में सहस्त्र बालों में शामिल होकर पहली महिला है और पिछले 21 सालों से वायुसेना में तैनात हैं। जिस वक्त व्योमिका सिंह प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद चर्चा में आई। उसके बाद से बापोड़ा गांव के लोगों में जबरदस्त उत्साह है।क्योंकि वीके सिंह के बाद अब व्योमिका सिंह की वजह से बापोड़ा चर्चा में आया है। इतने बड़े ओहदे पर पहुंचने के बाद भी विंग कमांडर व्योमिका सिंह का आज भी ससुराल (गांव बापोड़ा) से जुड़ाव है। वे गांव के हर दुःख व सुख में शरिक होने का प्रयास करती है। हालांकि वे यहां नहीं रहते,लेकिन गांव में उनका आना जाना रहता है। उल्लेखनीय है कि गांव बापोड़ा से ही वीके सिंह पूर्व थल सेना प्रमुख रह चुके है। उक्त गांव के करीब तीन से चार हजार युवा व अधेड़ आज भी सेना में रह कर देश की सेवा कर रहे है।

### देश सेवा का जज्बा

ग्रामीणों ने बताया कि विंग कमांडर व्योमिका सिंह जब गांव में किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आती है तो वे गांव की बेटियों को देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करती है। उनकी काउंसलिंग करके उनको देश की सेवा के लिए तैयार करती है। साथ ही उनको हायर एजुकेशन की पढाई करने के लिए भी प्रेरित करती है। ग्रामीणों ने बताया कि वे गांव की बेटियों को कहा करती है कि शिक्षा के क्षेत्र में जी तोड़ मेहनत करने वालों को कभी भी असफलता का मुख नहीं देखना पड़ता। वे हर समाज के दुख व सुख में शामिल होती है।यहां यह बताते चले कि विंग कमांडर व्योमिका सिंह गांव बापौड़ा नहीं रहती। यहां केवल उनका पैतृक मकान जरूर है।

# 2934 लोगों से 80 करोड़ की धोखाधड़ी करने का मास्टरमाइंड सुखदेव गिरफ्तार

## शीशपाल फ्रंट लाइन कंसल्टेंसी एंड सर्विसेस ने माह में रुपये दोगुणा करने का लालच देकर ठगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अपने पिता के नाम पर कम्पनी बनाकर उनमें निवेश कर पैसे दोगुने करने का लालच देकर 2934 लोगों से करीब 80 करोड़ की धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य मास्टरमाइंड को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान डॉ. सुखदेव सिंह पुत्र शीशपाल निवासी सहनाल के रूप में हुई है। आरोपी को शुक्रवार कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। इस मामले में दो आरोपियों बलिन्दर कुमार उर्फ बिन्नू पुत्र अजायब सिंह व जसवंत सिंह उर्फ शीरा पुत्र बलदेव सिंह निवासी सहनाल को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि पुलिस ने इस बारे 16 अप्रैल को सहनाल निवासी अमरीक सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

■ अपने पिता के नाम पर बनाई थी कम्पनी

■ दो आरोपी पहले हो चुके गिरफ्तार



फतेहाबाद। करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोपी बारे जानकारी देते एसपी सिद्धांत जैन।

शिकायतकर्ता के अनुसार गांव सहनाल के ही डॉ. सुखदेव सिंह ने अपने पिता के नाम से शीशपाल फ्रंट लाइन कंसल्टेंसी एंड सर्विसेस प्रा.लि. नाम से कम्पनी बना रखी है।

### 25 एजेंट बना रखे थे

कम्पनी में करीब 25 एजेंट बना रखे हैं, इनमें राजू पुत्र लाला राजकुमार पुत्र लाभचंद, सुखदेवपुत्र लाभचंद, प्रगट सिंह पुत्र गुरमेल सिंह, रवि कुमार पुत्र बृजलाल, महेन्द्र पुत्र बारूराम,अंकित पुत्र रामपाल निवासी सहनाल, शिरा चिम्मानिवासी गुरूर, रोशन लाल पुत्र टेकचंद निवासी भूना आदि शामिलहै। सुखदेव और उसके एजेंट लोगों को एक महीने में रुपये दोगुने करने का लालच देकर धोखाधड़ी कर रहे है। अमरीक ने कहा कि 18 जनवरी को आरोपी उसके घर आए और लालच देकर उससे 3 लाख रुपये ले लिए।

शिकायतकर्ता केअनुसार उसे कम्पनी में पैसा लगाए करीब अढ़ाई महीने बीत गए परंतु आरोपियों ने उसेकोई राशि नहीं लौटाई। जब उसने सुखदेव व उसके एजेंटों से पैसे मांगे तो इन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौच किया और पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकियां देने लगे। शिकायतकर्ता ने कहा कि आरोपियों ने उसके अलावा भी बहुत लोगों के साथ फ्रॉड किया हुआ है। इस मामले में रतिया पुलिस ने डॉ. सुखदेव के अलावा उसके 13 एजेंटों के खिलाफ प्राइज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम्स बैनिंग एक्ट 1978की धारा 4, 5, 6 और भारतीय न्याय संहिता कीधारा 316 (2), 318 (4), 351 (2), 351 (3) व 61 के तहत एफआईआर दर्ज की थी।

### अन्य आरोपियों की धरपकड़ शुरू

एसपी ने बताया कि इस मामले में पुलिस द्वारा 5 मई को आरोपी बलिन्दर कुमार उर्फ बिन्नु पुत्र अजयब सिंह व जसवंत सिंह उर्फ शीरा पुत्र बलदेव सिंह निवासी सहनाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि आर्थिक अपराध शाखा की पुलिस टीम ने इस मामले में मुख्य मास्टरमाइंड डॉ. सुखदेव सिंह को भी काबू कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि उसने यह कम्पनी लोगों को पैसे दोगुने का लालच देकर फ्रॉड किया है और उसने अपनी कम्पनी में करीब 2934 लोगों की आईडी लगाकर करीब 80 करोड़ रुपये का फ्रॉड कर पैसे कमाए है। आरोपी एक आईडी लगाने के 5 हजार से 1 लाख रुपये लेता था। एसपी ने बताया कि आरोपी को आज कोर्ट मे पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान धोखाधड़ी से कमाए पैसे के बारे पता किया जाएगा तथा अन्य संलिप्त आरोपियों की भी तलाश की जाएगी।

# नशे में धुत युवक ने भाभी को चाकू घोंपा



जींद। परिजनों के बयान दर्ज करते पुलिस कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

■ परिजनों की शिकायत पर केस वारदात के बाद आरोपी फरार

गांव किशनपुरा मे वीरवार को शाम को शराब के नशे मे धुत देवर ने मकान निकट चौक पर चाकू घोंप कर भाभी की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने मृतका के बेटे की शिकायत पर आरोपित देवर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव किशनपुरा निवासी रोहताश की पत्नी सुनीता 43 वीरवार शाम को अपने घर से छोटे देवर सुखदेव के घर जा रही थी। जब वह अपने मकान से कुछ दूरी पर चौक पर पहुची तो शराब के नशे मे धुत देवर हुकमचंद ने सुनीता के सीने मे चाकू घोंप दिया। इसमे सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना का आजाम देकर आरोपित मौके से फरार हो गया। परिजनों द्वारा गंभीर हालात मे सुनीता को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान सुनीता की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतका के बेटे रोहित ने बताया की उसके पिता चार भाई है। आरोपित हुकमचंद उसके पिता से छोटा है। जबकि तीसरे नंबर के चाचा सुखदेव के साथ उसकी मौसी नीलम विवाहित है। उसकी मां अपनी बहन नीलम से मिलने के लिए उसके चाचा सुखदेव के घर जा रही थी। उसका चाचा हुकमचंद शराब के नशे मे चौक में खड़ा हुआ था। जब उसकी मां चौक से गुजर रही थी उसी दौर हुकमचंद ने उसकी मां के सीने मे चाकू घोंप दिया। उसने अपनी मां को बचाने की कोशिश भी ली, लेकिन आरोपित हमला करने मे कामयाब हो गया।

# बाइक पर जा रहे दंपति को बुलेरो ने कुचला

■ हादसे में दोनों की मौत, पुलिस ने चालक पर केस दर्ज किया

**नांगल चौधरी।** निजामपुर रोड पर कृष्णावती नदी के पास एक अनियंत्रित बुलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बुलेरो को कब्जे में लेकर मृतकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। जहां पहुंचे परिजनों के बयान कलमबंद करने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए। जानकारी के मुताबिक लूजोता निवासी राजेश कुमार 32 वर्ष पुत्र गुरदयाल सिंह अपनी पत्नी पूजा को लेकर नांगल चौधरी के लिए रवाना हुआ था। बाइक पर सवार दंपति जोड़ा कृष्णावती नदी के पास ही पहुंचा था, इसी दौरान सामने से एक अनियंत्रित बुलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। भिडंत इतनी जोरदार थी कि कि दोनों बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को



अंजाम देने के बाद चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टॉयर फटने के कारण सफलता नहीं मिली। इसके बाद चालक ने गाड़ी को छोड़कर स्वयं भागने का प्रयास किया, लेकिन दुकानदारों ने घेराबंदी करके चालक को भागने नहीं दिया तथा पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने चालक समेत बुलेरो को कब्जे में लिया और दोनों मृतकों को तत्परता पूर्वक सीएचसी में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया। चालक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। दूसरी तरफ ग्रामीणों ने बताया कि गुरदयाल योगी के दो पुत्र हैं, बड़ा पुत्र सुनील कुमार प्राइवेट काम करता है। मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पौषण करते हैं। मृतक के पीछे एक बेटा, बेटी तथा बुजुर्ग माता पिता हैं।

# शिक्षा निदेशालय ने टीचर को सस्पेंड किया

■ शिक्षक पर अनुशासनहीनता का आरोप, रेवाड़ी कार्यालय से अटैच

**जींद।** डिफेंस कॉलोनी स्थित मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के टीजीटी अशोक कुमार को मौलिक शिक्षा निदेशालय ने निलंबित किया। निलंबन के दौरान टीचर को हेडक्वार्टर रेवाड़ी डीईईओ कार्यालय किया गया है।

### ये है मामला

स्कूल के अंदर स्टाफ के बीच अंदरूनी कलह चल रही है। इसी के चलते माहौल खराब हो रहा था और इसके चलते ही शिक्षक को निलंबित किया गया है। शिक्षकों ने टीजीटी शिक्षक अशोक कुमार के खिलाफ बीईओ कार्यालय में अनुशासनहीनता की शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया था कि अशोक कुमार द्वारा अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ मारपीट के प्रयास किए गए। ऐसे में स्कूल का माहौल खराब हो रहा था। अनावश्यक रूप से प्राचार्य के साथ बहस करना, आदेशों की अवहेलना करना उनकी मुख्य आदत बन गई थी। ऐसे में शिक्षक को किसी दूसरी जगह भेजा जाए, जिससे स्कूल का माहौल खराब नहीं हो। इसके बाद जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित कमेटी ने मामले की जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि टीजीटी अशोक प्राचार्य के किसी भी मौखिक या लिखित आदेशों को नहीं मानते। बिना प्राचार्य की अनुमति के स्कूल के बीच से ही कार्य छोड?र बीच में चला जाता है। खंड शिक्षा अधिकारी राजपाल देशवाल ने कहा कि मौलिक शिक्षा निदेशालय ने टीजीटी अशोक कुमार को निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान अशोक कुमार की ड्यूटी डीईईओ कार्याल रेवाड़ी में रहेगी।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी विनोद को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया के क्राईम ब्राच डीएलएफ की टीम ने आरोपी विनोद निवासी गांव जसाना तिगांव फरीदाबाद को धीरज नगर फरीदाबाद से काबू कर एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। जिसके खिलाफ थाना पल्ला फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धाराओ में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है व देशी कट्टा को अपने गांव से किसी दोस्त से लेके आया। पूर्व मे चोरी व अवैध हथियार रखने सहित कुल 6 मामले दर्ज है। आरोपी विनोद को अदालत में पेश कर किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# सूटकेस में लाश : पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी रिया, पैसे को लेकर हुए विवाद में केमिस्ट ने गला घोंटकर मार डाला

■ तीन मई को सूटकेस में मिला था शव ■ केमिस्ट के ड्राइवर को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सूटकेस में बंद मिले युवती के शव की गुत्थी को गुरुग्राम पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने न केवल युवती की पहचान की है बल्कि युवती की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने वाले दो युवकों को भी काबू कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में से मुख्य आरोपी केमिस्ट है जबकि उसका साथी निजी ड्राइवर है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों ने गला दबाकर युवती की हत्या करने की बात प्रारंभिक तौर पर कबूल की है। पुलिस प्रवक्ता एएसआई संदीप की मानें तो 3 मई को एक एक व्यक्ति ने सूटकेस में युवती का शव पड़े होने की सूचना दी थी। युवती की पहचान नहीं हो पाई थी जिसके कारण इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर मिली लीड के बाद सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन के

■ ब्लाइंड मर्डर की जांच में पुलिस ने खंगाले सैकड़ों सीसीटीवी



गुरुग्राम। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

आसपास लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगाली जिसके बाद पुलिस ने मृतका की पहचान मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली 33 वर्षीय प्रवीण उर्फ रिया के रूप में हुई जो नाथूपुर में रहती थी।मामले में जांच करते हुए सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने यूपी के रहने वाले दिनेश कुमार व उत्तराखंड के रहने वाले विप्लव विश्वास को काबू कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों ही सिकंदरपुर में किराए पर रहते हैं। दिनेश कैमिस्ट शॉप पर काम करता है जबकि विप्लव निजी ड्राइवर है। मामले में आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि 2 मई की रात करीब दो बजे आरोपी दिनेश महिला को साथ लेकर सिकंदरपुर में अपने किराए के कमरे पर गया था। रात को आरोपी दिनेश और मृतका रिया ने शराब का सेवन किया। इस दौरान दोनों के बीच रुपयों के लेनदेन के विवाद में झगड़ा हो गया। जिसके बाद दिनेश ने रिया की गला, मुंह दबाकर हत्या कर दी। शव को ठिकाने लगाने के लिए वह सुबह एक सूटकेस लाया और अपनी मदद के लिए विप्लव को बुला लिया। उसके बाद विप्लव के साथ देर रात को शव को सूटकेस में बंद कर जंगल में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले रही है। आरोपियों से पूछताछ में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# विस डिप्टी स्पीकर ने दो घायलों को अस्पताल पहुंचाया, नब्ज की चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नरवाना के हरियाल चौक पर बुधवार रात ट्रक ने पिकअप को टक्कर मार दी। जिसमे पिकअप सवार लोग घायल हो गए। घटना के दौरान हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने अपनी गाड़ी को रोक कर घायलों को नागरिक अस्पताल नरवाना ले गए। जहां पर इलाज के साथ कृष्ण मिड्ढा खुद घायल की नब्ज चेक करते नजर आए। घायलों के हालात खतरे की संतुष्टि होने पर डिप्टी स्पीकर अपने जीद आवास के लिए रवाना हो गए। डिप्टी स्पीकर की मानवता को देख लोग उनकी मुक्त कंठ से प्रंशसा कर रहे है। डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा बुधवार रात चंडीगढ़ से वाया नरवाना अपने आवास पर जींद आ रहे थे। उसी दौरान नरवाना के हरियल चौक के पास ट्रक और पिकअप गाडी मे टक्कर हो गई। इसमे पिकअप सवार दो लोग घायल हो गए।

■ ट्रक की टक्कर में दो युवक हो गए थे घायल



जींद। हादसे में घायल का इलाज करते विस डिप्टी स्पीकर डॉ. मिड्ढा।

हादसे को देख डिप्टी स्पीकर ने अपनी गाड़ी का रूकवा लिया और मौके पर पहुच गए। उनकी सुरक्षा मे तैनात पुलिस कर्मियों ने घायलों को गाडी से निकला। इसके बाद पायलट गाड़ी में घायलो को लेकर खुद नागरिक अस्पताल पहुंच गए। जहां पर घायलों का उपचार किया गया। इलाज के दौरान खुद डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा घायल की नब्ज चेक करते नजर आ रहे थे। हालांकि अस्पताल का स्टाफ मौजूद था। डिप्टी स्पीकर तब तक वही खड़े रहे जब तक घायलों का प्राथमिक उपचार नहीं दिया गया।






# अपने पहले ही सीजन में चमके ये आठ खिलाड़ी, इनमें से दो की उम्र 18 से भी कम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में अब तक 54 मैच खेले जा चुके हैं। धीरे-धीरे यह लीग अपने अंजाम तक पहुंचने जा रही है। इस सीजन कई ऐसे खिलाड़ी मिले, जिन्होंने अपने पहली ही सीजन में मिले मौके को पूरी तरह भुनाया। इनमें से कुछ ने शतक लगाकर तहलका मचा दिया। वहीं, कुछ ने गेंदबाजी में अपनी धाक जमाई। इस लिस्ट में आठ खिलाड़ी हैं, जिनमें से चार बल्लेबाज और तीन गेंदबाज हैं, एक गेंदबाजी ऑलराउंडर है। लिस्ट में दो की उम्र 18 साल से भी कम है, जबकि दो की उम्र 25 साल है और बाकी की उम्र 18 से 25 साल के बीच में है। हालांकि, कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिन्होंने एक या दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और फिर बेंच पर बैठा दिए गए। आइए इन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं...



### प्रियांश आर्या

दिल्ली प्रीमियर लीग में अपनी धाक जमाने के बाद इस खिलाड़ी को आईपीएल नीलामी में पंजाब किंग्स ने काफी उम्मीदों के साथ खरीदा। प्रियांश पंजाब की उम्मीदों पर खरे उतरे। उन्हें ओपनिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बल्लेबाजी ने अब तक इस लीग में 11 पारियों में 347 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। दिल्ली प्रीमियर लीग में प्रियांश ने एक ओवर में लगातार छह गेंद पर छह छक्के जड़े थे।

### आयुष म्हात्रे

इस 17 साल के युवा बल्लेबाज ने अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचा दिया है। आयुष को नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था। बीच सीजन में वह रिप्लेसमेंट के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से जुड़े और अपनी हिटिंग पावर से उन्होंने लोगों को दीवाना बना दिया है। आयुष ने अब तक लीग में चार पारियों में 163 रन बनाए हैं। इनमें एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 94 रन की पारी में जो शॉट्स लगाए वह देखने लायक थे।

### अनिकेत वर्मा

सिर्फ 23 साल के इस युवा बल्लेबाज अनिकेत शर्मा को सनराइजर्स हैदराबाद ने मध्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने अब तक नौ पारियों में 24.12 की औसत और 144.11 के स्ट्राइक रेट से 193 रन बनाए हैं। दिल्ली के खिलाफ 74 रन की पारी उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारी रही है। हालांकि, उनकी टीम का प्रदर्शन इस साल बेहद खराब रहा।



### वैभव सूर्यवंशी

केवल 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने नीलामी में बिकते ही नाम कमा लिया था। उन्हें राजस्थान ने 1.1 करोड़ रुपये के भारी भरकम राशि में खरीदा था। हालांकि, गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद पर शतक जड़कर अपने दम पर राजस्थान को जीत दिलाई थी। इस बल्लेबाज ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत ही छक्का लगाकर की थी। वैभव ने अब तक इस सीजन पांच पारियों में 155 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक शामिल है।

### दिग्वेश राठी

इस 25 साल के स्पिनर दिग्वेश राठी ने कमाल की गेंदबाजी की है। अपनी मिस्ट्री गेंदों की वजह से यह गेंदबाज पावरप्ले, मध्य के ओवरों या फिर डेथ ओवरों में भी घातक साबित हुआ है। दिग्वेश ने अब तक इस सीजन 11 मैचों में 12 विकेट लिए हैं। 30 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है।

### विपराज निगम

दिल्ली कैपिटल्स के लिए विपराज एक बेहद शानदार ऑलराउंडर बनकर उभरे हैं। 20 साल के विपराज ने अब तक इस सीजन 10 मैचों में नौ विकेट लिए हैं। उनका इकोनॉमी रेट 9.48 का रहा है। 18 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। उन्होंने छह पारियों में बल्लेबाजी की है और 104 रन बनाए हैं। विपराज यूपी से हैं और उत्तर प्रदेश प्रीमियर लीग में भी उन्होंने कमाल किया था।

### अश्विनी कुमार

मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार ने अपने डेब्यू मैच में ही तहलका मचा दिया था। डेब्यू मैच पर 23 साल के अश्विनी ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 24 रन देकर चार विकेट लिए थे। हालांकि, उनके लिए अगले दो मैच उम्मीद के मुताबिक नहीं गए और एक-एक विकेट लिए। साथ ही बुमराह की वापसी की वजह से अश्विनी को बेंच पर बैठना पड़ा।

### विग्नेश पुथुर

अश्विनी की तरह पुथुर भी बस एक-दो मैच में चले। हालांकि, अपने डेब्यू पर इस बाएं हाथ के स्पिनर ने पांच मैच खेले और छह विकेट लिए। 32 रन देकर तीन विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा। हालांकि, पांच मैच के बाद उन्हें मौका नहीं मिला और वह चोटिल होकर इस सीजन से बाहर हो चुके हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 |
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

**ऑरेंज कैप**



सूर्य कुमार
510 रन
मुंबई

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
20 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप


### खेलो इंडिया युवा खेलों में ई स्पोटर्स का पदार्पण




**पटना।** ई स्पोटर्स ने खेलो इंडिया युवा खेलों में नुमाइशी खेल के रूप में पदार्पण किया और मेजबान बिहार ने विभिन्न स्पर्धाओं में शीर्ष तीन में जगह बनाई। इस नुमाइशी खेल में आठ राज्यों ने भाग लिया जिसमें बीजीएमआई, शतरंज, स्ट्रीट फाइटर 6 और ई फुटबॉल की स्पर्धायें हुई। सभी वर्गों में बीजीएमआई भारत में सबसे लोकप्रिय ई खेल है। हर प्रदेश की 16 टीमों ने लिया हिस्साहर प्रदेश की 16 टीमों ने इसमें भाग लिया। बिहार की ए और बी टीम पहले और तीसरे स्थान पर रही जबकि तमिलनाडु ए टीम दूसरे स्थान पर रही।

### उजबेकिस्तान से दो दोस्ताना मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम मई जून के विंडो में उजबेकिस्तान के खिलाफ दो फीफा अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी । अखिल भारतीय फुटबॉल



महासंघ ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उजबेकिस्तान के खिलाफ दो मैच 30 मई और तीन जून को बेंगलुरू के पादुकोण द्रविड़ खेल उत्कृष्टता केंद्र पर खेल जायेंगे। क्रिस्पिन छेत्री की कोचिंग वाली भारतीय टीम एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर्स की तैयारी कर रही है जिसके लिये शिविर बेंगलुरू में एक मई से शुरू हुआ। भारत को ग्रुप बी में रखा गया है जिसमें उसे मंगोलिनया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और थाईलैंड (पांच जुलाई) के साथ रखा गया है।

### वरुण पर लगा जुर्माना कटा एक अंक

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर बुधवार को ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना और एक डिमेरिट अंक का दंड दिया गया है। आईपीएल के एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि, चक्रवर्ती ने आईपीएल नियम के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया है। यह अनुच्छेद ऐसी भाषा, व्यवहार या हाव-भाव से संबंधित है, जो किसी खिलाड़ी को भड़काने या अपमानित करने का कारण बन सकता है।

**भारत-पाक तनाव:** खिलाड़ियों को स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से निकाला जाएगा

# धर्मशाला में ‘ब्लैकआउट’ के कारण आईपीएल मैच रद, लीग जारी रखने पर फैसला आज

भाषा ▶▶ धर्मशाला



पड़ोसी शहर जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच बीच में ही रद्द कर दिया गया जिससे भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण पूरी लीग के रद्द होने का खतरा पैदा हो गया। पंजाब की टीम 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना चुकी थी जब लाइटें चली गईं लेकिन इसका कारण पहले ‘फ्लडलाइट’ की खराबी बताया गया था। बारिश के कारण खेल निर्धारित समय से देरी से शुरू हुआ था। आखिरकार टीमों और दर्शकों को उनकी सुरक्षा के लिए स्टेडियम से बाहर निकाला गया। यहां के खूबसूरत मैदान की क्षमता लगभग 23,000 है और खाली कराए जाने के समय यह लगभग 80 प्रतिशत भरा हुआ था। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ‘‘दर्शकों में कोई घबराहट नहीं थी। उन्हें (दर्शकों और खिलाड़ियों को) बहुत सावधानी से और सुरक्षित रूप से स्टेडियम से बाहर ले जाया गया।’’ स्टेडियम से बाहर निकलते समय कई लोगों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए। प्रभसिमरन सिंह 28 गेंद पर 50 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे जबकि उनके सलामी जोड़ीदार प्रियांश आर्य 34 गेंद पर 70 रन बनाकर तेज गेंदबाज टी नटराजन की गेंद पर आउट हुए थे, जिसके तुरंत बाद खेल रोकना पड़ा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को अब पठानकोट से विशेष ट्रेन में दिल्ली लाया जाएगा। पठानकोट धर्मशाला से करीब 85 किलोमीटर दूर है। टीमें सड़क मार्ग से पठानकोट पहुंचेंगी। पाकिस्तान के हमलों को रोकने के लिए एहतियाती उपायों के तहत धर्मशाला का एकमात्र हवाई अड्डा और पड़ोसी कांगड़ा और चंडीगढ़ के हवाई अड्डे फिलहाल बंद हैं। आज रात के मैच के रद्द होने के बाद यह स्पष्ट नहीं है कि लीग आगे जारी रहेगी या नहीं। यह भी पता चला है कि लीग में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं के बीच बीसीसीआई की बैठक अभी चल रही है। पर सूत्रों का कहना है कि विदेशी खिलाड़ी जल्द से जल्द घर लौटना चाहते हैं। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के गढ़ शामिल हैं। ये हमले 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के जवाब में किए गए जिसमें 26 लोग मारे गए थे। बृहस्पतिवार को हवाई हमले की चेतावनी और जम्मू में विस्फोट जैसी आवाजों की खबरों के बीच पंजाब के पठानकोट, अमृतसर, जालंधर, होशियारपुर, मोहाली और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ समेत कई जिलों में ‘ब्लैकआउट’ कर दिया गया। आईपीएल का कार्यक्रम पहले ही इस घटनाक्रम से प्रभावित हो चुका है क्योंकि 11 मई को धर्मशाला में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच होने वाला मैच अहमदाबाद में स्थानांतरित कर दिया गया है।

### *लखनऊ और आरसीबी के बीच भिड़ंत आज*

*मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से आज शुक्रवार 9 मई को होगा। लखनऊ ने अपने 11 में से 5 मैच जीते हुए हैं। उसे प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए ये मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। अपने 11 में से 8 मैच जीत चुकी आरसीबी के लिए भी यह मुकाबला काफी अहम है। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने 5 मैच जीते हैं। रजत पाटीदार की कप्तानी वाली आरसीबी को 8 मैच में जीत मिली है। प्लेऑफ की दौड़ को देखते हुए एक रोमांचक मैच होने की उम्मीद है। यह मुकाबला शाम 7.30 बजे से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। रायल चेलैंजर्स बेंगलुरू और लखनऊ जायंट्स के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 5 मुकाबले खेले गए हैं।*

**राजस्थान रॉयल्स को झटका**

## राणा-संदीप हुए चोटिल, इनकी जगह खेलेंगे लुआन और बर्गर

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 राजस्थान रॉयल्स के लिए अच्छा



नहीं जा रहा है। पहले बल्लेबाज नितीश राणा चोटिल होने के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए, अब तेज गेंदबाज संदीप शर्मा भी बचे हुए मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर को 3.5 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया गया है। संदीप उंगली में लगी चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हुए हैं। राणा की जगह दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रेटोरियस को टीम में जगह दी गई है।

### बर्गर के आंकड़ों पर एक नजर

बर्गर ने 69 टी-20 मुकाबलों की 67 पारियों में 23.44 की औसत से 77 विकेट लिए हैं। उनकी इकॉनमी 7.73 की रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/11 का है। आईपीएल में इस खिलाड़ी ने 6 मुकाबले खेले हैं। इसकी 5 पारियों में 20.71 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2/29 का रहा है। आईपीएल 2024 में यह खिलाड़ी आरआर की टीम का ही हिस्सा था। दक्षिण अफ्रीका के लिए बर्गर ने 2 टी-20 मुकाबले खेले हैं।

### नितीश राणा की जगह खेलेंगे लुआन

राजस्थान रॉयल्स टीम के प्रमुख बल्लेबाज नितीश राणा चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रेटोरियस को टीम में मौका मिला है। उन्हें आरआर की टीम ने 30 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है। इस संस्करण आरआर का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। उसे 12 में से 9 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

### अहमदाबाद में होगा पंजाब-मुंबई का मुकाबला

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से बुधवार तड़के पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ‘ऑपरेशन सिंदूर’ का असर अब इंडियन प्रीमियर लीग पर भी पड़ गया है। इस ऑपरेशन के बाद सरकार ने चंडीगढ़ सहित कई हवाई अड्डों को बंद कर दिया है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 11 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार, गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिल पटेल ने बताया कि 11 मई को मुंबई इंडियंस बनाम पंजाब किंग्स के बीच होने वाला आईपीएल मुकाबला धर्मशाला से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया है।

### चैंपियंस लीग के फाइनल में पीएसजी और इंटर मिलान में भिड़ंत

**पेरिस।** पेरिस सेंट-जर्मन ने एक के बाद एक हमलों का डटकर सामना करते हुए आक्रामक अंदाज में खेल रहे आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना इंटर मिलान से होगा। सेमीफाइनल के पहले चरण में 1–0 से जीत हासिल करने वाली पीएसजी की टीम को शुरू में गेंद पर कब्जा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जवाबी हमलों और गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन से उसने 3-1 के कुल स्कोर के साथ जीत हासिल करके शान से फाइनल में जगह बनाई।

**ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

## आयुष ने श्रीकांत को हराया उन्नति भी अगले दौर में

एजेंसी ▶▶ ताइपे

भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरूष और महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

विश्व जूनियर चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 वर्ष के आयुष ने दूसरे दौर में अनुभवी किदाम्बी श्रीकांत को 21-16 15-21 21-17 से मात दी। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और विश्व चैम्पियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत फिलहाल विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर हैं।



### आयुष का सामना अब ब्रायन यांग से

पिछले दौर में आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप उपविजेता ली चिया हाओ को हराने वाले आयुष का सामना अब कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग से होगा। इससे पहले 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबुधाबी मास्टर्स चैम्पियन उन्नति ने चीनी ताइपे की लिन सिह युन को 21-12 21-7 से हराया। अब वह स्थानीय खिलाड़ी हुंग यि तिंग से खेलेंगी। राष्ट्रीय खेल 2023 स्वर्ण पदक विजेता थारून मन्नेपल्ली को इंडोनेशिया के मोह जाकी उबेदिल्लाह ने दूसरे दौर में 21-13, 21-9 से हराया।

### युवा खिलाड़ियों ने की खूब मेहनत, परिणाम अपेक्षानुरूप नहीं : हसी

**कोलकाता।** आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने युवा खिलाड़ियों आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल और डेवाल्ड ब्रेविस की सराहना करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य अब भविष्य के लिए टीम तैयार करना है। पांच बार के चैंपियन चेन्नई के लिए आईपीएल का मौजूदा सत्र अच्छा नहीं रहा है। उसने बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स पर दो विकेट की जीत के साथ 12 मैचों में केवल तीसरी जीत हासिल की। हसी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा टीम से जुड़े सभी लोग वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जाहिर तौर पर परिणाम उस तरह से नहीं आ रहे हैं जैसा हम चाहते थे।

**क्रिकेट**

## रोहित का फैसला निजी, बोर्ड की कोई भूमिका नहीं : राजीव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक निजी फैसला है। बीसीसीआई ने उन पर ऐसा करने के लिए कोई दबाव नहीं डाला था। रोहित ने 20 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले बुधवार को संन्यास की घोषणा की। शुक्ला ने कहा जहां तक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का सवाल है तो रोहित ने अपना फैसला खुद किया है। उन्होंने कहा, ‘‘हमारी नीति है कि जो खिलाड़ी संन्यास का फैसला लेते हैं, हम उन पर कोई दबाव नहीं डालते और हम उन्हें कुछ सुझाव भी नहीं देते हैं, हम कुछ नहीं कहते हैं।



### क्रिकेट में रोहित का काफी योगदान

शुक्ला ने कहा कि पांच दिवसीय क्रिकेट में उनका योगदान बहुत बड़ा है। हम उनकी जितनी प्रशंसा करें, उतनी कम है। वह एक महान बल्लेबाज हैं। अच्छी बात यह है कि उन्होंने अभी तक क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला नहीं किया है (क्योंकि वह अब सिर्फ वनडे खेलेंगे)। इसलिए हम निश्चित रूप से उनके अनुभव और प्रतिभा का फायदा उठाएंगे।

**ऑपरेशन सिंदूर: रावलपिंडी स्टेडियम के पास ड्रोन हमला**

# पाक में दहशत, रावलपिंडी में होने वाला पीएसएल मैच स्थगित

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रावलपिंडी में कराची किंग्स और पेशावर जाल्मी के बीच गुरुवार को होने वाले पाकिस्तान सुपर लीग मैच को बाद में कराने का फैसला किया। इस मैच की तारीख की घोषणा आगे की जाएगी। रावलपिंडी स्टेडियम में आयोजित की जा रही टी20 लीग अपने अंतिम चरण में है जिसमें छह फ्रेंचाइजी शामिल हैं।

क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा पीसीबी ने सभी हितधारकों के परामर्श से आज रात पेशावर जाल्मी और कराची किंग्स के बीच होने वाले पीएसएल मैच को किसी अन्य तारीख में करने का फैसला किया है। पीसीबी संशोधित तिथि की घोषणा उचित समय पर करेगा।



### पीएसएल छोड़ने पर विचार कर रहे विदेशी खिलाड़ी

नई दिल्ली। पाकिस्तान सुपर लीग में खेल रहे विदेशी खिलाड़ी वापस अपने देश लौटने पर विचार कर रहे हैं। इसकी वजह भारतीय सेना द्वारा चलाया गया ‘ऑपरेशन सिंदूर’ है, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में मौजूद आतंकवादी ठिकानों पर बमबारी की गई। इसके अलावा रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम के पास भी ड्रोन हमला किया गया है। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पीएसएल के अब सभी मुकाबले कराची में खेले जाएंगे।

### बांग्लादेश क्रिकेट टीम का पाकिस्तान दौरा अधर में लटका

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ बीते बुधवार तड़के चलाए गए ‘ऑपरेशन सिंदूर’ का असर अब क्रिकेट में भी देखने को मिल रहा है। दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट टीम को इस महीने के अंत में पाकिस्तान का दौरा करना था, जो अब अधर में लटक गया है। वहीं, ऐसी खबर है कि भारतीय टीम के अगस्त में होने वाले बांग्लादेश दौरे पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

**बांग्लादेश के पकिस्तान के दौरे पर संकट**

बांग्लादेश का पाकिस्तान जाना इस बात पर निर्भर करेगा कि आने वाले कुछ दिनों में पाकिस्तान में हालात कैसे रहते हैं। बीसीबी के अध्यक्ष फारूक अहमद ने बुधवार को कहा कि वे बांग्लादेश दौरे पर अंतिम फैसला लेने से पहले 10 मई तक इंतजार करेंगे।

Gates | DRIVEN BY POSSIBILITY™

Gates India, a trusted name in automotive parts and a Preferred OE Partner of leading manufacturers, is excited to appoint **MUNJAL ENTERPRISES, Rohtak** as an **Authorized Distributor** for our Aftermarket product range.

With this partnership, we aim to provide faster service, greater availability, and enhanced customer support to better serve our valued customers.

Together, we are committed to delivering excellence.

FOR PRODUCT ENQUIRIES, CONTACT:
MUNJAL ENTERPRISES
+91 8708087739
munjalenterprises001@gmail.com

For Distributor Enquiries, Contact : aftermarket.india@gates.com

## चिंतन

# भारत आतंकवाद के खिलाफ दुस्साहस बंद करे पाक फौज

ऑपरेशन सिंदूर से डर कर पाकिस्तान वो गलतियां कर रहा है, जिसका उसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। भारत ने स्पष्ट कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सैन्य कार्रवाई दहशतगर्दी के खिलाफ थी, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। भारत सरकार की ओर से एयर स्ट्राइक के बाद और फिर अगले दिन दो-दो बार साफ किया गया है कि भारत का एक्शन आतंकवाद के खिलाफ नपा-तुला था, पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ सैन्य हमला करेगा, जैसा कि वह दो दिन से प्रयास कर रहा है, तो उसे अंजाम भुगतना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की फौज सीमा पार से जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी तोपों का उपयोग करते हुए नियंत्रण रेखा पर नागरिकों को निशाना बना कर अकारण अंधाधुंध गोलीबारी कर रही है, जिसका भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है। इसमें तीन महिलाओं और पांच बच्चों सहित 16 निर्दोष लोगों की जान चली गई है। पाकिस्तानी फौज ने भारत के जम्मू-कश्मीर व पंजाब में 15 सैन्य ठिकानों को लक्षित करके मिसाइल हमले किए, जिसे भारतीय रक्षा प्रणाली ने नाकाम किया। भारतीय सेना ने पाक फौज को जवाब देते हुए लाहौर में पाक की वायुरक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। भारतीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने का प्रयास किया। इन्हें एकीकृत काउंटर मानवरहित विमान प्रणाली (ग्रिड और वायु रक्षा प्रणाली) द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया। भारत की सख्त चेतावनी है कि पाकिस्तान की ऐसी गैर-जिम्मेदाराना हरकत से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ेगा और भारत तनाव नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान दुस्साहस करेगा तो भारत दोगुनी प्रबलता से जवाब देगा। भारत व पाक के बीच बढ़ रहे सैन्य तनाव के बाद से भारत में उच्च स्तर पर बैठकें हो रही हैं। इस बीच अमेरिका, ईरान, सऊदी अरब की ओर से तनाव कम करने के कूटनीतिक प्रयास हो रहे हैं। अमेरिका लगातार भारत व पाकिस्तान के संपर्क में है, ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान से भारत पहुंचे हैं और सऊदी अरब के विदेश मंत्री बिना किसी पूर्व निर्धारित शेड्यूल के नई दिल्ली पहुंचे हैं और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिले हैं। सब बातचीत के केंद्र में भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ रहा तनाव है। भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है कि पहलगाम टेरर अटैक के बाद भारत का एक्शन केवल और केवल आतंकवाद के खिलाफ है। चूंकि इस टेरर अटैक की जिम्मेदारी द रेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली और यह आतंकी गुट पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का मुखौटा तंजीम है, जो पाकिस्तान को भी पता है। तो भारत ने टीआरएफ, लश्कर और जैश से जुड़े आतंकी अड्डों पर कार्रवाई की। अपने यहां के आतंकी अड्डों पर ऐसी कार्रवाई पाकिस्तान को करनी चाहिए थी, लेकिन वह आतंकवाद को नीतिगत स्तर पर पालता-पोसता रहा है। भारत पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों व साजिशकर्ताओं को न्याय के कटघरे में लाने व उसे सजा देने के प्रति प्रतिबद्ध है। साथ ही भारत शांति भी चाहता है। पाकिस्तान भारत की इस भावना का सम्मान करे और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भूमिका निभाए। पाकिस्तान की फौज को स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने खिलाफ आतंकवाद के किसी भी हमले का कठोरता से जवाब देगा।

# भारत ने कर दिखाया अद्भुत पराक्रम



ऑपरेशन सिंदूर
अवधेश कुमार

**पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं होगी कि भारत इतनी तैयारी के साथ आधी रात के बाद न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाक की अन्य सीमाओं में घुसकर एक साथ अनेक जगहों पर मिसाइल हमले करेगा। उरी में सैनिकों पर आतंकवादी हमले में भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा सीआरपीएफ शिविर पर हमले के 13वें दिन बालाकोट के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारत ने मिसाइल हमला करके अब तक के सबसे बड़ी और साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस बार भारत ने 18 आधिकारिक तस्वीर भी जारी कर दी जिसे किसी के पास प्रश्न उठाने का कोई कारण नहीं रह गया।**

सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध भारत के अद्भुत पराक्रम को पूरे विश्व ने देखा। पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं होगी कि भारत इतनी तैयारी के साथ आधी रात के बाद न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाक की अन्य सीमाओं में घुसकर एक साथ अनेक जगहों पर मिसाइल हमले करेगा। उरी में सैनिकों पर आतंकवादी हमले में भारत ने 11वें दिन पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा सीआरपीएफ शिविर पर हमले के 13वें दिन बालाकोट के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारत ने मिसाइल हमला करके अब तक के सबसे बड़ी और साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस बार भारत ने इसके साथ 18 आधिकारिक तस्वीर भी जारी कर दी जिसे किसी के पास प्रश्न उठाने का कोई कारण नहीं रह गया। वैसे भी जब जैश ए मोहम्मद का प्रमुख मसूद अजहर बयान जारी कर रो रहा है कि उसके 10 लोग मारे गए और वह क्यों नहीं मर गया तो फिर संदेह का कारण नहीं है।

22 फरवरी 2019 के बालाकोट हवाई बमबारी पर भी हमारे देश के नेताओं ने कटाक्ष किया, उसका उपहास उड़ाया। इस बार सबके मुंह बंद हैं क्योंकि पाकिस्तान ने स्वयं स्वीकार किया है। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने सबसे पहले कहा कि भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। वास्तव में जब प्रधानमंत्री ने मधुबनी की सभा से कहा कि इस बार की कार्रवाई दुश्मन की कल्पना से परे होगी तो साफ था कि पूर्व की दो कार्रवाइयों से ज्यादा बड़ी, विस्तृत और आतंकवाद की दृष्टि से प्रभावी एवं निर्णायक कार्रवाई हो सकती है। जैसा कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका ने बताया कि भारत ने आत्मरक्षा के तहत कार्रवाई की है और इस बात का ध्यान रखा गया कि आम नागरिकों और सैनिक ठिकानों को हमारी मिसाइलें स्पर्श न करें। उन स्थानों को देखिए जहां-जहां मिसाइल हमले हुए, तब पता चल जाएगा कि कितनी बड़ी कार्रवाई थी। बताया गया कि जिन नौ ठिकानों पर हमले किए गए, उसके पीछे भारतीय सेना का मकसद क्या था। दोनों महिला जवानों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया गया। जिन नौ ठिकानों की पहचान कर बर्बाद किया गया उनमें आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। एक, नियंत्रण रेखा से 30 किलोमीटर दूर मुजफ्फराबाद का सवाईनाला कैंप लश्कर का ट्रेनिंग सेंटर था। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। दो, सैयदना बिलाल कैंप (पीओजेके) जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना है जहां हथियारों और विस्फोटकों को रखा जाता था, जंगल में जिंदा रहने का प्रशिक्षण मिलता था। तीन, कोटली गुलपुर भी संगठन- लश्कर-ए-तैय्यबा का अड्डा था। यहां के आतंकी जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ में सक्रिय थे।

चौथा निशाना नियंत्रण रेखा से 9 किलोमीटर दूर भींबर का बरनाला कैंप था जहां हथियारों की हैंडलिंग, बारुदी सुरंग आईईडी और जंगल में बचे रहने का प्रशिक्षण मिल जाता था। पांचवां मिसाइल हमला



नियंत्रण रेखा से 13 किमी दूर अब्बास कैंप कोटली पर किया गया जहां लश्कर के आतंकवादी आत्मघाती तैयार किए जाते थे। पाक अधिकृत कश्मीर के इन ठिकानों को नष्ट करने के बाद मिसाइल पाकिस्तानी सीमा के भीतर चल रहे आतंकी ठिकानों पर गरजे। एक, सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय सीमा से 6 किमी दूर और जम्मू-कश्मीर के सांबा-कठुआ के सामने सरजल कैंप सियालकोट पर हमला किया। दूसरे नंबर पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 12-18 किमी दूर सियालकोट का महमूना जोया कैंप था जो हिजबुल का बड़ा अड्डा था, यहां से कठुआ में आतंकवादी गतिविधियां चलतीं थीं। पठानकोट वायु सेवा अड्डे पर हमले की योजना यही बनी थी। तीसरे नंबर पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 18-25 किमी दूर हाफिज सईद के मुरीदके में मरकज-तैयबा था जहां 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आतंकवादी प्रशिक्षित हुए। अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर दूर बहावलपुर में मरकज सुभानअल्लाह पर हमला किया। यह जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय है जो आतंकवादियों का व्यापक सुरक्षित केंद्र है, जहां भर्ती से लेकर वैचारिक हथियारों के प्रशिक्षण और उन्हें सीमा पार करने सहित सारी व्यवस्थाएं थी। मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग भी मिसाइल के प्यारे हो गए। भारत को बर्बाद करने की कसमें खाने वाले मसूद आज फूट-फूट कर रोए तो कल्पना कर सकते हैं कि हमला उसके सारे सपनों को एकबारगी ध्वस्त करने वाला साबित हुआ है। इसमें मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसका पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों के साथ उसके करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। इसमें आतंकवादी कमांडर इकबाल करी के साथ हमले में 10 अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। बिलाल आतंकी शिविर के प्रमुख याकूब मुगल की भी मौत हुई है। बहावलपुर के बाहरी इलाके में कराची-तोरखाम राजमार्ग पर 15 एकड़ में फैले मरकज सुभान अल्लाह मसूद अजहर का किला था जो 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले सहित अनेक हमलों का केंद्र रहा है। मसूद अजहर का घर मरकज सुभान अल्लाह में ही है। इस तरह देखें तो भारतीय सेना ने केवल पहलगाम हमले के दोषियों को ही सजा नहीं दी बल्कि पिछले लंबे समय से आतंकवादी हमला करने के मुख्य केंद्रों और भविष्य के षड्यंत्र रचने वाले केन्द्रों को भी तबाह कर दिया। वास्तव में एक-एक हमले पर कार्रवाई से भारत पर आतंकवादी हमले का खतरा टल ही नहीं सकता क्योंकि आप जितने मारेंगे उतने आतंकवादी ये केंद्र पैदा कर लेंगे। तो पहला रास्ता यही था कि उन सारे चिन्हित केन्द्रों को नष्ट कर दिया जाए। उनके लिए भविष्य में भी गतिविधियां आसान नहीं होंगी क्योंकि अब वहां भारत सहित विश्व भर की दृष्टि होगी। क्या आप सोच सकते हैं कि मुरीदके जैसा अड्डा लश्कर या तैय्यबा या हाफिज जल्दी निर्माण कर सकता है? क्या मसूद अजहर की अब हैसियत मार्केट सुभान के पुनर्निर्माण की है? निश्चय ही प्रधानमंत्री जब तीन-तीन बार तीनों सेना के प्रमुखों और दो बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से मिलते हैं तथा गृह मंत्री अमित शाह लगातार बैठकें कर रहे हैं तो उसकी परिणति इतनी ही बड़ी होनी थी जिनमें लंबे समय के लिए भारत सीमा पार के बड़े आतंकवादी खतरों से मुक्त हो जाए। मुनीर इस्लाम और कलमा के नाम पर पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर के गले की नस बताते हैं और उसके लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करते हैं तो आगे उनको इससे बड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जब भारत का राजनीतिक नेतृत्व सीमा पार आतंकवाद को जड़मूल से नष्ट करने का संकल्प ले चुका हो तो सेंड बालवीर उसके अनुरूप उत्साह के साथ तैयारी करते हैं। आगे पाकिस्तान ने नहीं माना तो उसके गर्दन की नस दबने का भी समय आ जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
डॉ. मोनिका राज




# संयम से संकल्प तक का नाम है 'ऑपरेशन सिंदूर'

भारत की विदेश और रक्षा नीति में समय-समय पर परिवर्तन देखने को मिला है, किंतु 7 मई 2025 को हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश की रणनीतिक सोच को एक नया आयाम दिया। यह सैन्य कार्रवाई न केवल एक कूटनीतिक सन्देश थी, बल्कि यह उस ज्वलंत संकल्प का प्रतीक थी जो अब भारत को केवल सहने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि निर्णायक कार्यवाही करने वाला राष्ट्र बनाता है। पहलगाम में हुए निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले ने भारत की संवेदनाओं को झकझोर दिया और इसका उत्तर एक ऐसे रूप में आया, जो संयम के साथ सटीकता और गंभीरता से भरा था। ऑपरेशन सिन्दूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की बदलती नीति, आत्मनिर्भर सोच और आतंक के खिलाफ उसकी अडिग प्रतिबद्धता का परिचायक है। इसने न केवल भारत की सैन्य शक्ति को दर्शाया, बल्कि कूटनीतिक स्तर पर भी यह संदेश दिया कि भारत अब अपनी सुरक्षा के लिए किसी की अनुमति का मोहताज नहीं रहेगा। भारत ने 7 मई 2025 की सुबह जो सैन्य कार्रवाई की, वह सिर्फ एक और जवाबी हमला नहीं था। यह एक निर्णायक मोड़ था, एक नई रणनीतिक विचारधारा का उद्घोष जिसने यह स्थापित किया कि अब भारत सिर्फ पीड़ित नहीं रहेगा बल्कि एक सक्रिय, सशक्त और निर्णायक शक्ति के रूप में उभरेगा। "ऑपरेशन सिन्दूर" के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के भीतर स्थित आतंकवादी ठिकानों पर जो प्रहार किए, वे कई दृष्टियों से अभूतपूर्व थे, रणनीतिक, राजनीतिक, कूटनीतिक और मनोवैज्ञानिक। यह कार्रवाई किसी आकस्मिक क्रोध का परिणाम नहीं थी, बल्कि एक सुविचारित, रणनीतिक प्रतिक्रिया थी, जिसकी नींव 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने रखी थी। इसके जवाब में ऑपरेशन सिन्दूर एक ऐसा सशक्त वक्तव्य बन गया, जिसने आतंकी गुटों और उनके संरक्षकों को स्पष्ट संकेत दिया कि अब भारत हर प्रहार का जवाब उसी भाषा में देगा। इस सैन्य कार्रवाई का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह था कि भारत ने इसे बिना अंतरराष्ट्रीय समर्थन या सहमति के एकतरफा अंजाम दिया। यह उस पारंपरिक सोच का पूर्ण निषेध था जिसके तहत भारत वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय समुदाय की स्वीकृति या समर्थन की प्रतीक्षा करता रहा। नई दिल्ली ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो, तो वह अब 'वैश्विक अपेक्षाओं' से बंधा नहीं रहेगा। भारत की यह आत्मनिर्भर और निर्णायक नीति एक नए भू-राजनीतिक युग की शुरुआत का संकेत है। ऑपरेशन सिन्दूर ने कई स्तरों पर संदेश दिए। सबसे पहले, यह भारत की आतंकवाद विरोधी नीति में स्थायी परिवर्तन का प्रतीक है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक्स और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक्स के बाद, 2025 की यह कार्रवाई दर्शाती है कि अब भारत आतंकवादी हमलों को केवल एक सुरक्षा चुनौती नहीं, बल्कि एक युद्ध जैसा कृत्य मानता है। और इस युद्ध का उत्तर अब सीमित शब्दों में नहीं, बल्कि सटीक प्रहारों में मिलेगा। दूसरे, भारत ने पाकिस्तान की लंबे समय से चली आ रही 'परमाणु धमकी' की रणनीति को पूर्णतः निष्क्रिय कर दिया है। पाकिस्तान ने अतीत में बार-बार परमाणु हथियारों का डर दिखाकर भारत को किसी भी निर्णायक सैन्य प्रतिक्रिया से रोका था। लेकिन ऑपरेशन सिन्दूर इस मिथक को तोड़ता है। भारत ने पाकिस्तान के भीतर नौ ठिकानों को नष्ट किया, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों के मुख्यालय और लॉन्च पैड शामिल थे और यह सब बिना किसी परमाणु प्रतिक्रिया की आशंका के। इससे यह स्पष्ट हुआ कि भारत अब 'कूटनीतिक शालीनता' नहीं, बल्कि 'रणनीतिक जवाबदेही' की राह पर चलेगा। इस ऑपरेशन ने घरेलू स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण सन्देश भेजा है। भारत की जनता ने इस कार्रवाई को एक न्यायोचित कदम माना है। पहलगाम के शहीदों के लिए यह न्याय का प्रतीक बना है। इसने देश में आत्म-विश्वास और सुरक्षा की भावना को प्रबल किया है। साथ ही, यह सरकार के लिए एक राजनीतिक पूंजी भी बनी है, जिससे वह वैश्विक मंचों पर अधिक दृढ़ता से आतंकवाद के विरुद्ध अपनी आवाज़ उठा सकती है। यह कार्रवाई भारत की उस चेतना का प्रतीक है जो अब न्याय, प्रतिरोध और निर्णायकता के मार्ग पर अग्रसर है। ऑपरेशन सिन्दूर न केवल एक सैन्य अभियान था, बल्कि यह भारत की नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति, कूटनीतिक स्वतंत्रता और वैश्विक दृष्टिकोण का संकल्प भी है। पाकिस्तान के लिए इस ऑपरेशन का सबसे बड़ा सन्देश यही है, अब संयम की परीक्षा नहीं ली जाएगी। अब भारत हर वार का जवाब देगा तथ्य, ताकत और रणनीति के साथ।

(लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है।

## जिन लोगों में है मतभेद वे कभी नहीं होते सफल



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे।पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मां की भूमिका को सलाम


एक मां परिवार की रीढ़ होती है और उसे अपनी भूमिका बखूबी निभाने के लिए एक मजबूत आधार की जरूरत होती है। हर मां अपने बच्चों के लिए दिनभर भागदौड़ करती है, वह भी अपना ख्याल रखे बिना। अगर मां बीमार पड़ जाए तो ऐसा लगता है कि सारे काम रुक गए हैं, इसलिए अपनी हेल्थ के साथ-साथ अपनी मां की हेल्थ भी अच्छी होना जरूरी है। इस बार मदर्स डे पर आप अपनी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के लिए उन्हें हेल्थ से जुड़े कुछ तोहफे गिफ्ट कर सकते हैं, जो आपकी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के साथ-साथ उन्हें फिट भी बनाएंगे।

\- अमित पटवा, दुर्ग

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में अर्धनारीश्वर शिव की प्रतिमा प्रदर्शित

सिंगापुर में स्थित इंडियन हैरिटेज सेंटर (आईएचसी) में भगवान शिव के 'अर्धनारीश्वर' स्वरूप की नृत्य मुद्रा वाली दुर्लभ कांस्य प्रतिमा प्रदर्शित की गई है। यह प्रतिमा उन 60 अमूल्य सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है, जिन्हें सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों ने हैरिटेज सेंटर को दान किया है। 'अर्धनारीश्वर' भगवान शिव का एक रूप है, जिसमें आधा शरीर पुरुष (शिव) और आधा महिला (पार्वती) का होता है। आईएचसी ने बुधवार को अपनी 10वीं वर्षगांठ के मौके पर मीडिया पूर्वावलोकन के दौरान बताया कि इन कलाकृतियों में खूबसूरती से गढ़ा गया, सोने का एक नक्काशीदार कड़ा भी शामिल है, जिस पर दो मोरों की आकृति बनाई गई है।



इनमें से तीस कलाकृतियां पहले से ही लिटिल इंडिया परिसर में स्थित आईएचसी में प्रदर्शित हैं। यह प्रदर्शनी सिंगापुर के भारतीय और दक्षिण एशियाई समुदायों के इतिहास एवं विरासत को प्रदर्शित करती है। सलमा मोइज (84) ने कहा कि पिछली पीढ़ियों के अनुभवों को दर्ज करना और यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इन धरोहरों को ऐसी जगह रखा जाए जहां उनकी देखभाल हो और उन्हें सम्मान के साथ सराहा जाए।

## ऑफ बीट

# सौ वर्षों से हम तारों की दुनिया से हो रहे रूबरू

तारीख थी सात मई 1925। प्राचीन काल से ही लोग तारों और ग्रहों को अपने-अपने तरीके से समझने का प्रयास करते आएं हैं। 1700 के दशक में, सौरमंडल का एक घड़ीनुमा मॉडल, ऑरेरी, विकसित किया गया। /"प्लैनेटोरियम/" यानी तारामंडल शब्द का आविष्कार ग्रहों को दर्शाने वाले 'ऑरेरी' का वर्णन करने के लिए किया गया था। खगोलशास्त्री ईसे ईसिंगा ने एक कमरे के आकार का ऑरेरी मॉडल तैयार किया था। यह आज भी नीदरलैंड के फ्रैनेकर में काम कर रहा है। इस दृश्य को देखने के लिए कोई भी मनुष्य सौरमंडल के आसपास नहीं गया है। ऑरेरी और ब्रह्मांड के अन्य यांत्रिक मॉडल जैसे आकाशीय ग्लोब ही बाहरी परिप्रेक्ष्य से दृश्य प्रस्तुत करते हैं।



तारों और ग्रहों को वास्तविक रूप से देखने की इच्छा 20वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बढ़ी, क्योंकि बढ़ते शहरीकरण से होने वाले प्रदूषण ने रातों में दिखने वाले आकाश को धुंधला कर दिया था। जर्मनी के म्यूनिख में स्थित डॉयचे संग्रहालय के प्रथम निदेशक ओस्कर वॉन मिलर जैसे लोग तारों और ग्रहों से सभी को रूबरू कराना चाहते थे। दिलचस्प बात यह है कि वॉन मिलर के करियर की शुरुआत एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में हुई थी।

## ट्रेंड

### क्वॉलिटी कार्रवाई



पाकिस्तान और पीओके में, जिस तरह से हमारी आर्म्ड फोर्सेज ने आतंकी कैंपों को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गौरव का विषय है। कोई हमारे संयम का फायदा उठाने की कोशिश करेगा तो उसे कल की तरह 'क्वॉलिटी कार्रवाई' का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### शहादत पर गर्व



जम्मू के पुंछ में पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी का डटकर सामना करते हुए हरियाणा के पलवल के बेटे, जवान दिनेश कुमार शर्मा ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। आपकी शहादत पर प्रत्येक देशवासी को गर्व है।

\- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा


### जवानों को सलाम



हम चाहते थे कि इस सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री भी आएं और संक्षिप्त में अपनी बात रखें कि किस तरह आतंकवाद के खिलाफ हमारे जवानों ने हिम्मत दिखाई। हम हमारे जवानों को सलाम करते हैं और उनका अभिनंदन करते हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### सटीक प्रहार



युद्ध की बयानबाजी के बिना 'ऑपरेशन सिंदूर' उन क्षेत्रों और संगठनों पर एक सटीक प्रहार है, जिन्होंने निर्दोष नागरिकों को मारने वाले भयानक आतंकवादी का समर्थन किया था।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स 9 मई तक बंद, 430 फ्लाइट्स कैंसिल, पंजाब-राजस्थान में अलर्ट स्कूल बंद, छुट्टियां रद

भाषा ▶▶| श्रीनगर/जयपुर/अमृतसर/अहमदाबाद

पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद केंद्र ने 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स 9 मई तक बंद कर दिए हैं। ये राज्य- जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश हैं। बडे. एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर शामिल हैं। ये पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। एमपी के ग्वालियर और उत्तर प्रदेश के हिंडन एयरपोर्ट के ऑपरेशन भी बंद हैं। एअर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट, अकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने गुरुवार को 430 फ्लाइट्स कैंसिल कर दिए। ये देश की डेली फ्लाइट्स का 3% है। पाकिस्तान में भी 147 फ्लाइट्स कैंसिल हैं, जो डेली फ्लाइट्स का 17% है। जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में हाई अलर्ट है। दोनों राज्यों के बॉर्डर इलाकों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पुलिस, प्रशासनिक और हेल्थ विभाग के अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।

## मुख्य अपडेट्स...

- एअर इंडिया ने 9 शहरों के लिए लिए सभी उड़ानें 10 मई की सुबह 05:29 बजे तक रद्द कीं। ये शहर हैं- जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट।
- इंडिगो ने 11 शहरों की फ्लाइट्स 10 मई की सुबह 05:29 बजे तक रद्द कीं। ये शहर हैं- जम्मू, श्रीनगर, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, ग्वालियर, किशनगढ़ और राजकोट।
- 10 मई तक इंडिगो की 165 फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। एयरलाइंस हर दिन करीब 2200 फ्लाइट्स ऑपरेट करती है। दिल्ली एयरपोर्ट पर अलग-अलग एयरलाइंस की 20 फ्लाइट्स कैंसिल हुई है।
- इंडिगो ने अल्माटी और ताशकंद के लिए सीधी उड़ानों को 14 जून तक के लिए रोक दिया है।
- एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सुरक्षाबलों से जुड़े लोगों को टिकट कैंसिलेशन पर फुल रिफंड और रिशेड्यूलिंग पर छूट देने की घोषणा की है। जिन डिफेंस कर्मियों ने 31 मई तक की यात्रा के लिए एयर इंडिया या एयर इंडिया एक्सप्रेस की टिकट बुक की है, उन्हें फुल रिफंड दिया जाएगा। वहीं, 30 जून तक एक बार फ्री रिशेड्यूलिंग की सुविधा मिलेगी।


गुरुवार शाम को पाकिस्तान की तरफ से फायरिंग के बाद जम्मू-कश्मीर से राजस्थान तक ब्लैकआउट

- दिल्ली एयरपोर्ट से गुरुवार को 90 फ्लाइट्स कैंसिल की गई हैं। एयरपोर्ट ने यात्रियों को फ्लाइट स्टेट्स चेक करने के बाद ही एयरपोर्ट आने का निर्देश दिया है।
- अमृतसर में घरेलू-व्यवसायिक उड़ानें बंद। चंडीगढ़ में एयरफोर्स ने अपने यूज के लिए लिया। 10 मई तक 52 उड़ानें बंद, यात्रियों के टिकट के पैसे लौटाने के आदेश।
- हिसार से कल की अयोध्या के लिए फ्लाइट कैंसिल कर दी हैं। एयरपोर्ट का कुछ क्षेत्र प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसमें एयरपोर्ट के स्टाफ को भी जाने की परमिशन नहीं है।
- पंजाब: 6 जिलों में स्कूल बंद, पुलिस की छुट्टियां रद्द
- फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, अमृतसर, गुरदासपुर और तरनतारन जिलों में स्कूल अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं।
- पंजाब पुलिस की सभी छुट्टियां रद्द हो गई है। केवल विशेष परिस्थितियों में ही अधिकारियों की परमिशन के बाद छुट्टी मिलेगी।
- पंजाब सरकार ने सभी सार्वजनिक कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। गुरदासपुर में 8 मई को रात 9 बजे से सुबह 5 बजे से पूरी तरह ब्लैकआउट रहेगा।
- लुधियाना के स्कूल 9 और 10 मई के लिए बंद कर दिए गए हैं। डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने यह आदेश जारी किए हैं।
- राजस्थान: 4 जिलों में स्कूल बंद, बॉर्डर सिक्योरिटी बढ़ाने के निर्देश
- श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में सरकारी और प्राइवेट स्कूल बंद कर दिए गए हैं। प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा गया है।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिसकर्मियों की सभी छुट्टियां रद्द करने और सीमा सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।
- मुख्य सचिव सुधांश पंत और डीजीपी यूआर साहू ने सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।
- जम्मू-कश्मीर: 10 जिलों में स्कूल बंद, हाई सिक्योरिटी
- पूरे राज्य में हाई अलर्ट है। बॉर्डर वाले इलाकों में सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ाई।
- जम्मू, कठुआ, सांबा, पुंछ, राजौरी, बारामुला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिले की सभी स्कूल बंद हैं।
- श्रीनगर एयरपोर्ट और अवंतीपोरा एयरबेस के आसपास के स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं।


### नकदी बरामदगी

## प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को जांच रिपोर्ट साझा की



**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट साझा की है, जिसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ नकदी बरामदगी के आरोपों की जांच की है। प्रधान न्यायाधीश ने समिति की रिपोर्ट के साथ न्यायमूर्ति वर्मा का जवाब भी साझा किया है। उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में कहा, ''भारत के प्रधान न्यायाधीश ने आंतरिक प्रक्रिया के अनुसार राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें तीन सदस्यीय समिति की तीन मई की रिपोर्ट की प्रति तथा न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त छह मई के पत्र/प्रतिक्रिया की प्रति संलग्न है। ऐसा माना जा रहा है कि प्रधान न्यायाधीश ने पहले समिति की रिपोर्ट न्यायमूर्ति वर्मा को भेजी थी और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन करते हुए उनसे जवाब मांगा था।

## रॉबर्ट प्रीवोस्ट नए पोप, लियो 14वें के नाम से जाने जाएंगे, दो हजार साल में पहली बार हुआ ऐसा



**वेटिकन सिटी (एपी)।** अपना पूरा जीवन पेरू में सेवा करते हुए बिताने वाले रॉबर्ट प्रीवोस्ट ने वेटिकन के बिशप के प्रभावशाली दायित्व को संभाल लिया और कैथोलिक चर्च के दो हजार साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब अमेरिका से पोप चुने गए। ऑगस्टीनियन धार्मिक आदेश के सदस्य प्रीवोस्ट (69) ने अपना नाम लियो 14 रख लिया। पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी के रूप में सेंट पीटर्स बेसिलिका के बरामदे से बोलते हुए अपने पहले संबोधन में लियो ने कहा, 'शांति आपके साथ हो'। उन्होंने शांति, संवाद और धर्म प्रचार के संदेश पर जोर दिया। उन्होंने पोप पद की पारंपरिक लाल टोपी पहनी थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि नए पोप का अमेरिकी होना 'हमारे देश के लिए बहुत सम्मान की बात है'। उन्होंने कहा, ''इससे बड़ा सम्मान और क्या हो सकता है।'' राष्ट्रपति ने कहा कि 'हम आश्चर्य में पड़ गए और हम खुश भी हैं।' लियो नाम अपनाने वाले आखिरी पोप लियो 14 थे, जो एक इतालवी थे और जिन्होंने 1878 से 1903 तक चर्च का नेतृत्व किया....।'

## मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता तेलंगाना को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर उजागर करेगी



**हैदराबाद।** तेलंगाना को एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने के माननीय मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के दृष्टिकोण के अनुरूप, राज्य सरकार ने आगामी मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का लाभ उठाकर तेलंगाना की विविध पर्यटन पेशकशों को अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों तक पहुँचाने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की है।120 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी और 150 से अधिक देशों में प्रसारण कवरेज के साथ, मिस वर्ल्ड कार्यक्रम तेलंगाना की सांस्कृतिक समृद्धि, विरासत स्थलों और आधुनिक बुनियादी ढाँचे को प्रदर्शित करने के लिए एक अद्वितीय मंच प्रस्तुत करता है। यह पहल पर्यटन निवेश में रु. 15,000 करोड़ से अधिक आकर्षित करने और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों पर्यटकों की संख्या को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की सरकार की व्यापक योजना में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस रणनीतिक पहल के भाग के रूप में, मिस वर्ल्ड प्रतियोगी राज्य भर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का दौरा करेंगी, जिनमें हजार स्तंभ मंदिर, वारंगल किला, भद्रकाली मंदिर, रामप्पा मंदिर (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल), नागार्जुन सागर, पोचमपल्ली (हथकरघा बुनाई के लिए प्रसिद्ध) और महबूबनगर में प्राचीन पिल्लामरी वृक्ष जैसे प्रतिष्ठित स्थल शामिल हैं। यात्रा कार्यक्रम में 12 मई को हैदराबाद के चारमीनार और लाड बाजार के माध्यम से 'हेरिटेज वॉक' शामिल है, जिसका उद्देश्य शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है। 13 मई को, प्रतिभागी हैदराबाद की शाही विरासत का अनुभव करने के लिए राजसी चौमहल्ला पैलेस का दौरा करेंगे।

### 800 करोड़ का जीएसटी घोटाला


## झारखंड व बंगाल के नौ ठिकानों पर ईडी की रेड




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने गुरुवार सुबह झारखंड और बंगाल में नौ ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। यह छापेमारी 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में की गई है। झारखंड में रांची के तीन और जमशेदपुर में एक स्थान पर दबिश दी गई है। जिन ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, वहां सुरक्षा के मद्देनजर सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है। दोनों राज्यों के कारोबारियों ने कुल 14,325 करोड़ रुपए के फर्जी जीएसटी इनवॉइस बनाकर 800 करोड़ से ज्यादा के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया था। जिन कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, उनमें शिवकुमार देवरा, सुमित गुप्ता, अमित गुप्ता एवं अन्य शामिल हैं। ईडी ने बंगाल में इस घोटाले में पहले भी छापेमारी की थी, जबकि झारखंड में इसे लेकर पहली बार कार्रवाई की जा रही है।

### छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर हादसा

## आईईडी ब्लास्ट में 5 जवान हुए शहीद, 10 नक्सली भी ढेर



**सुकमा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर एंटी नक्सल ऑपरेशन में निकले जवानों पर माओवादियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस अटैक में 5 जवान शहीद हो गए हैं। यह ब्लास्ट मुलुगू जिले के जंगल में नक्सलियों द्वारा किया गया है। जवाबी कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बल के जवानों ने 10 माओवादियों को मार गिराया गया, जिसमें कई बड़े कैडर के नक्सली शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक तेलंगाना ग्रेहाउंड्स बल के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे, जिसमें से कुछ जवान विस्फोट में घायल भी हुए हैं। घायल जवानों को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती किया है। विस्फोट के बाद माओवादियों की ओर से भारी गोलीबारी की गई है। पुलिस की तलाशी के दौरान माओवादियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट किया है। नक्सलियों को उनके मांद में डीआरजी कोबरा, सीआरपीएफ और एसटीएफ़ के बहादुर जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।

## उत्तराखंड के उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रैश, पांच श्रद्धालुओं सहित छह की मौत

**उत्तरकाशी (भाषा)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में गुरुवार सुबह गंगनानी के पास एक निजी कंपनी के हेलीकॉप्टर क्रैश होने से पांच श्रद्धालुओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य श्रद्धालु घायल है। अब इस हादसे की जांच विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। अधिकारियों ने बताया कि हादसा सुबह आठ बजकर 11 मिनट पर ऋषिकेश-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के पास हुआ। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर में पायलट समेत सात लोग सवार थे। राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के अनुसार 'एयरोट्रांस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' का हेलीकॉप्टर यमुनोत्री दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को गंगोत्री धाम लेकर जा रहा था जहां उसे हर्षिल हेलीपैड पर उतरना था।

### राहत एवं बचाव कार्य जारी

हेलीकॉप्टर 200-250 मीटर गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे पांच श्रद्धालुओं समेत छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में गुजरात के वडोदरा निवासी पायलट रॉबिन (60), मुंबई की पवई की निवासी विजयलक्ष्मी रेड्डी (57), रुचि अग्रवाल (56), कला चंद्रकांत सोनी (61), उत्तर प्रदेश की राधा अग्रवाल (79) और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर की निवासी वेदांती देवी (48) के रूप में हुई है।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Haryana State, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR**: Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831, 9992221836, 9992221837; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA** **PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307. **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**